RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 146 • 16:09:2024 • सोमवार • मूल्य : 5/-

# झारखंड के दुश्मन; जेएमएम, राजद, और कांग्रेस : प्रधानमंत्री मोदी

**आज दलित-वंचित, गरीब-आदिवासी और महिलाओं का मोदी पर भरोसा है**

एजेंसी। जमशेदपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को झारखंड के जमशेदपुर में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया, जहां उन्होंने विपक्ष पर तीखे हमले किए और राज्य के विकास के लिए अपनी सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित किया। गोपाल मैदान में आयोजित इस सभा में पीएम मोदी ने विपक्षी दलों पर आरोप लगाते हुए कहा कि झारखंड के तीन सबसे बड़े दुश्मन हैं - झारखंड मुक्ति मोर्चा (JMM), राष्ट्रीय जनता दल (RJD), और कांग्रेस। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में कहा, "झारखंड के निर्माण का बदला आज भी RJD झारखंड से उतार रही है और कांग्रेस तो झारखंड से नफरत ही करती है।" उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि JMM, जिसने आदिवासियों के वोट से अपनी राजनीति चमकाई, अब बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों का समर्थन कर रही है। पीएम मोदी ने कहा, "JMM के लोग आदिवासियों के जंगल और जमीन पर कब्जा करने वालों के साथ खड़े हैं। प्रधानमंत्री ने JMM पर आरोप लगाते हुए कहा, "इनके भीतर कांग्रेस का भूत घुस गया है। जब किसी पार्टी में कांग्रेस का भूत घुस जाता है, तो तुष्टिकरण ही उस दल का इकलौता एजेंडा बन जाता है।" पीएम ने आगे कहा कि JMM सरकार ने राज्य में जल, जंगल, और जमीन तीनों में भ्रष्टाचार किया है। उन्होंने यह भी वादा किया कि जब झारखंड में बीजेपी की सरकार बनेगी, तो इन सभी मामलों की जांच करवाई जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर भी जोरदार हमला किया। उन्होंने कहा, "इस देश का सबसे भ्रष्ट परिवार एक ही है - कांग्रेस का परिवार।" उन्होंने आरोप लगाया कि JMM भी उसी भ्रष्टाचार की ट्रेनिंग ले रहा है, जो कांग्रेस के "स्कूल ऑफ करप्शन" से आती है। पीएम ने राज्य में पांच साल के JMM शासन को लूट और भ्रष्टाचार का पर्याय बताया और कहा कि बीजेपी सत्ता में आने के बाद इस भ्रष्टाचार पर कड़ी कार्रवाई करेगी। सभा में प्रधानमंत्री मोदी ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से हाथ मिलाकर उनका अभिवादन



भी किया। उन्होंने अपने भाषण में कहा, "झारखंड के विकास के लिए बीजेपी की सरकार ने भगवान बिरसा मुंडा की जन्मजयंती पर जनजातीय गौरव दिवस की शुरुआत की।" पीएम मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत में जोहार बोलते हुए कहा, "झारखंड का सपना भाजपा का अपना सपना है। उन्होंने यह भी कहा कि आकांक्षी जिला योजना के तहत झारखंड के पिछड़े जिलों के विकास की चिंता केवल बीजेपी ने की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि झारखंड के गरीबों को पहली बार पीएम आवास योजना के तहत पक्के घर मिले हैं, जिनमें से अधिकांश घर महिलाओं के नाम पर हैं। करमा पर्व के अवसर पर उन्होंने अपनी "बहनों" को पक्के घर का उपहार दिया और इसे अपने लिए सौभाग्य की बात बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण में झारखंड को कई विकास परियोजनाओं की सौगात देने का भी जिक्र किया। उन्होंने रांची एयरपोर्ट से वर्चुअल रूप से झारखंड को छह नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की सौगात दी। यह ट्रेनें राज्य के विभिन्न हिस्सों को हाईस्पीड रेल नेटवर्क से जोड़ेंगी। इसके अलावा, उन्होंने बताया कि झारखंड का रेलवे नेटवर्क अब पूरी तरह से विद्युतीकृत हो चुका है, जिससे राज्य का परिवहन तेज और पर्यावरण के अनुकूल बनेगा। उन्होंने कहा, "झारखंड के 50 से अधिक रेलवे स्टेशनों का नवीनीकरण किया जा रहा है और रेलवे कनेक्टिविटी को मजबूत किया जा रहा है।" पीएम मोदी ने यह भी बताया कि झारखंड में आदिवासी समुदाय के उत्थान के लिए विशेष योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने पीएम-जनमन योजना के तहत आदिवासियों को सशक्त बनाने की बात कही और झारखंड के वंचित समुदायों को उनके अधिकार दिलाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता जताई। पीएम मोदी ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव में पूरा विपक्ष उन्हें हराने के लिए एकजुट था, लेकिन जनता के आशीर्वाद ने सभी षडयंत्रों को विफल कर दिया। उन्होंने कहा, "बड़े-बड़े षडयंत्र और झूठ की मशीनरी हमारे खिलाफ काम कर रही थी, लेकिन आपके आशीर्वाद ने उन्हें परास्त कर दिया। प्रधानमंत्री ने बीजेपी और झारखंड की जनता के बीच के रिश्ते को राजनीतिक से अधिक दिल का रिश्ता बताया। उन्होंने कहा, "यह रिश्ता दिल का है, यह रिश्ता अपनेपन का है।" उन्होंने जनता से अपील की कि वे झारखंड में बीजेपी को फिर से मौका दें, ताकि राज्य का विकास तेज हो सके। प्रधानमंत्री मोदी ने सभा के अंत में झारखंड के लोगों को करम पर्व की बधाई दी और उनके समर्थन के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने कहा, "मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि झारखंड में बीजेपी की सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी। सभा के बाद पीएम मोदी का एक किलोमीटर लंबा रोड शो भी आयोजित किया गया, जिसमें उन्होंने लोगों से मुलाकात की और उनका अभिवादन किया।

# पीएम मोदी ने वंदे भारत ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार सुबह छह नई वंदे भारत ट्रेनों को वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन 06 वंदे भारत ट्रेनों की शुरुआत के साथ ही इनकी संख्या 54 से बढ़कर 60 पर पहुंच गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 सितंबर की सुबह वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर छह नई वंदे भारत ट्रेनों को रवाना किया। रेलवे मंत्रालय ने बताया, कि इन नई ट्रेनों के चलने से संपर्क सुविधा, सुरक्षित यात्रा और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। इन नई 06 वंदे भारत ट्रेनों के शुरु होने के साथ ही इनकी कुल संख्या 54 से बढ़कर 60 हो गई है। मंत्रालय के मुताबिक ये वंदे भारत ट्रेनें प्रतिदिन 120 फेरे लेंगी और 24 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 280 से अधिक जिलों को जोड़ने का काम करेंगी। खराब मौसम के कारण प्रधानमंत्री पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक जमशेदपुर नहीं जा सके हैं। उन्हें रांची पहुंच



कर जमशेदपुर के लिए रवाना होना था लेकिन मौसम अबतक साफ नहीं हो पाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने जिन वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखायी है उनमें बरहामपुर-टाटा, राउरकेला-हावड़ा, देवघर-बनारस, हावड़ा-गया और हावड़ा-भागलपुर शामिल है। प्रधानमंत्री पिछले एक घंटे से रांची एयरपोर्ट पर मौसम बेहतर होने का इंतजार कर रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बताया कि जमशेदपुर में लगातार बारिश के कारण प्रधानमंत्री का रोड शो स्थगित हो गया है।

**नई वंदे भारत ट्रेनों का मार्ग :** नई वंदे भारत ट्रेनें, जो 06 नए मार्गों को कवर करने वाली हैं उनमें, टाटानगर-पटना, ब्रह्मपुर-टाटानगर, राउरकेला-हावड़ा, देवघर-वाराणसी, भागलपुर-हावड़ा और गया-हावड़ा मार्ग हैं। इस प्रकार आज रविवार को 06 वंदे भारत ट्रेने बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के लिए यात्रियों के सफर को आसान करने जा रही हैं। यहां बताते चलें कि देश में पहली वंदे भारत ट्रेन 15 फरवरी, 2019 को शुरू की गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत आने से पहले मुइज्जू ने चीन से किया समझौता, बढ़ सकता है तनाव

**नई दिल्ली**। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू जल्द ही भारत दौरे पर आ सकते हैं। इसे भारत के साथ मालदीव के रिश्ते सुधारने के प्रयास



के तौर पर देखा जा रहा है। यह दौरा इसलिए भी अहम है कि इसी साल मालदीव के नेताओं द्वारा की गई टिप्पणियों के चलते दोनों देशों के रिश्तों में खटास आ गई थी। उस विवाद के बाद मुइज्जू की भारत में द्विपक्षीय वार्ता के लिए यह पहला दौरा होगा लेकिन इस संभावित दौरे से पहले भारत और मालदीव के बीच थोड़ा तनाव पैदा हो सकता है। दरअसल, मालदीव ने चीन के साथ एक वाणिज्यिक समझौता कर लिया है। मालदीव ने अपनी मुद्राओं में चालू खाता लेनदेन और प्रत्यक्ष निवेश के लिए पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। मालदीव ने कहा कि जल्द ही उसके यहां चीन के सबसे बड़े बैंक आईसीबीसी की एक शाखा खुल जाएगी। मालदीव के आर्थिक मंत्री मोहम्मद सईद ने कहा कि मालदीव में चीन के सबसे बड़े बैंक इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल बैंक ऑफ चाइना (आईसीबीसी) की एक शाखा खोलने के लिए काम चल रहा है। सईद ने कहा कि इस संबंध में बातचीत अभी भी जारी है। बता दें कि चीन मालदीव का सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है।

### चुनावी दौर में ट्रंप की नई प्रेम कहानी चढ़ रही परवान,31 साल की सुंदरी के हुए दीवाने



**वॉशिंगटन**। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप अपने प्रेम संबंधों को लेकर पूरी दुनिया में फेमस हैं। अब चुनावी दौर में एक 31 साल की महिला के ट्रंप दीवाने हो गए हैं। इसको लेकर तमाम अटकले चल रही हैं। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनकी पत्नी के बीच मनमुटाव चल रहा है। ये भी कयास लगाए जा रहे हैं कि चुनाव के बाद दोनों अलग भी हो सकते हैं। वजह है ट्रंप का उनकी रिपब्लिकन पार्टी की 31 साल की कार्यकर्ता लॉरा लूमर के साथ अफेयर के चर्चे। आपको बता दें कि मेलानिया को ट्रंप के साथ आखिरी बार जुलाई में रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन में देखा गया था। तब से ट्रंप के साथ वह किसी भी मौके पर दिखाई नहीं दीं। हाल ही में कमला हैरिस के साथ ट्रंप के डिबेट में भी वह नहीं दिखीं। ऐसी अफवाहें हैं कि डोनाल्ड ट्रंप वर्तमान में एक समय की रिपब्लिकन कांग्रेस उम्मीदवार, 31 साल की लॉरा लूमर को डेट कर रहे हैं। हाल ही में फिलाडेल्फिया में एबीसी द्वारा होस्ट की गई दूसरे प्रेसिडेंशियल डिबेट में ट्रंप के दल के हिस्से के साथ उनको देखा गया था। ट्रंप को अपने शादीशुदा जीवन में कुछ परेशानियां चल रहीं हैं या ऐसा लोगों को लगता हो क्योंकि जुलाई के बाद उनके चुनावी अभियान में उनका प्रदर्शन भी काफी कम हो गया है।

# केजरीवाल ने जेल जाने वाले मुख्यमंत्रियों में नया कीर्तिमान स्थापित किया : भाजपा

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सत्ता का लालची बताते हुए कहा कि उन्होंने जेल जाने वाले मुख्यमंत्रियों में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। अब तक जितने भी मुख्यमंत्री जेल गए, उन्होंने पहले इस्तीफा दिया। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पद से इस्तीफा देने की घोषणा के बाद पार्टी मुख्यालय में भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी और दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने प्रेस वार्ता की। इसमें सुधांशु त्रिवेदी ने मुख्यमंत्री के इस बयान का खंडन किया कि वह पहले विपक्षी नेता मुख्यमंत्री हैं जो जेल में गए हैं। उन्होंने जेल जाने वाले विपक्षी नेताओं का उदाहरण देते हुए कहा कि यह बात अलग है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इसमें



नया कीर्तिमान बनाया है। पहले तो मुख्यमंत्री जेल जाने से पहले इस्तीफा दे देते थे, लेकिन अरविंद केजरीवाल ने सत्ता के लालच में ऐसा नहीं किया। उन्होंने कहा कि जेल से बाहर आकर अब अपने पद से इस्तीफा देने का ऐलान करना, इस बात की स्वीकार्यता है कि शराब घोटाले में उनका हाथ था। भाजपा प्रवक्ता त्रिवेदी ने मुख्यमंत्री केजरीवाल के जेल से बाहर आने पर पटाखे फोड़े जाने पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता दिवाली पर पटाखे नहीं फोड़ सकती, लेकिन मुख्यमंत्री के जेल से निकलने पर पटाखे फोड़े जा रहे हैं।

# आईएनएसवी तारिणी से विश्व परिक्रमा करेंगीं भारतीय नौसेना की दो महिला अधिकारी

एजेंसी। नई दिल्ली

- नौकायन अभियान के लिए तीन वर्षों से खुद को तैयार कर रही हैं दोनों महिलाएं
- वैश्विक समुद्री गतिविधियों में देश की बढ़ती प्रमुखता को प्रदर्शित करेगा अभियान



भारतीय नौसेना की दो महिला अधिकारी जल्द ही आईएनएसवी तारिणी पर सवार होकर असाधारण नौकायन अभियान पर विश्व परिक्रमा के लिए निकलेंगी। दोनों महिलाएं पिछले तीन वर्षों से इस अभियान के लिए खुद को तैयार कर रही हैं। इसके लिए नौसेना ने एक लोगो का अनावरण किया है, जिसके बीच में अष्टकोणीय आकार भारतीय नौसेना को दर्शाता है, जबकि सूर्य एक खगोलीय पिंड का प्रतीक है और कम्पास नाविकों को चुनौतीपूर्ण समुद्रों के माध्यम से मार्गदर्शन करता है। भारतीय नौसेना ने नौकायन परंपरा को पुनर्जीवित करने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं, जिसमें समुद्री विरासत को संरक्षित करने और नाविक कौशल को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया है। नौकायन प्रशिक्षण जहाजों आईएनएस तरंगिनी और आईएनएस सुदर्शनी के अग्रणी प्रयासों और आईएनएसवी महादेई और तारिणी पर परिक्रमा के माध्यम से भारतीय नौसेना ने महासागर नौकायन अभियानों में एक केंद्रीय स्थान प्राप्त किया है। समुद्री कौशल और साहस के उत्सव को जारी रखते हुए भारतीय नौसेना की दो महिला अधिकारी लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा ए और लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना नाविका जल्द ही आईएनएसवी तारिणी पर सवार होकर दुनिया की परिक्रमा करने के लिए रवाना होने वाली हैं। इन दोनों महिला अधिकारियों ने छह सदस्यीय चालक दल के साथ पिछले साल गोवा से केप टाउन होते हुए रियो डी जेनेरो और वापस ट्रांस-ओशनिक अभियान में भाग लिया था। इसके बाद इन अधिकारियों ने गोवा से श्री विजया पुरम (पहले पोर्ट ब्लेयर) और वापस डबल हैंडेड मोड में नौकायन अभियान चलाया। इसके अलावा इस साल की शुरुआत में दोनों ने गोवा से पोर्ट लुइस, मॉरीशस तक फिर से डबल हैंडेड मोड में सफलतापूर्वक उड़ान भरी है। भारतीय नौसेना की महिला अधिकारी लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा ए और लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना नाविका सागर परिक्रमा II के लिए पिछले तीन वर्षों से खुद को तैयार कर रही हैं।

# सोफा महादेव मंदिर जहां मिलती है लोगों को श्रद्धा और शान्ति



भाद्रपद मास की शुक्ल पक्ष तेरस एवं आनंद चतुर्दशी के अवसर पर विशेष



**पंडई नदी के तट पर पहाड़ियों की गुफा में स्थित महादेव का सोफा मंदिर पश्चिम चंपारण का शोभा बढ़ा रहा है सोफा मंदिर में महादेव के दर्शन करने के लिए दो दो बार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आ चुके हैं**

चाणक्य भूमि के लिए
सुनील दुबे की कलम से.....

पश्चिम चंपारण के उत्तरी भाग में स्थित है, गौनाहा प्रखंड । गौनाहा प्रखंड जंगलों झाड़ियां पहाड़ों से घिरा हुआ है । विकास के मामले में यह प्रखंड सबल तो नहीं है लेकिन ऐतिहासिक एवं धार्मिक क्षेत्र में पश्चिम चंपारण में यह प्रसिद्धि प्राप्त किए हुए हैं । प्राचीन काल की कई महत्वपूर्ण धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थान को गौनाहा प्रखंड में प्राप्त किया है । द्वापर कालीन प्रसिद्ध एवं ख्याति को प्राप्त करने वाला यहां का पहाड़ी नदी पनडई जो तेज धार में बहने वाला झरने की समान इस नदी की चर्चा महाभारत में है । जब पांडवों को 14 वर्ष वनवास के उपरांत 1 वर्ष का अज्ञातवास का समय गुजारना था तो इसी क्षेत्र में इस नदी के किनारे बहुत सा समय उन लोगों ने गुजरा । इस नदी की शीतल जल को वे ग्रहण करते रहे स्नान व पूजन करते रहे । यह भी मानना है कि, इस नदी तट पर ही पांडव श्रेष्ठ युधिष्ठिर ने यछ के पांच प्रश्नों का उत्तर दिया था । इस नदी के तट पर ही पहाड़ी के बीच में एक मंदिर है जिसका नाम है सोफा मंदिर । ऐसा माना जाता है कि छठी शताब्दी के पूर्व का यह मंदिर है। मंदिर के नीचे का भाग का कुछ अवशेष मुगल कालीन होने की बात बताई जाती है । ऐसा माना जाता है कि, बुद्ध काल में चीन और तिब्बत से आने वाले बौद्ध भिक्षु इसी मार्ग से आया करते थें । और रात्रि विश्राम इस स्थान पर किया करते थे । चूकि यह क्षेत्र घने जंगलों से घिरे होने के कारण जंगली जानवरों का भय होना स्वाभाविक था । बौद्ध भिक्षुओं के लिए इस दृष्टि से यह स्थान सुरक्षित स्थान था जिसे वे तिब्बत की भाषा में सोफा यानी सुरक्षित स्थान कहां करते थे । इस कारण से ही इस स्थान का नाम सोफा पड़ा । थरुहट क्षेत्र का यह स्थान कालांतर से लेकर अब तक प्रसिद्धि के शिखर पर रहा है । माना जाता है कि मंदिर के अंदर का गर्भ गृह से सीढ़ियां स्वर्ग मार्ग की तरफ कालांतर में जाया करती थी । स्थानीय लोगों में यह मान्यता है कि भगवान शिव हिमालय नगरी से छूप कर यहां आकर कुछ दिनों के लिए इस गुफा में अपने आप को कैद कर लिया था। और उन्होंने साधना की थी । यह भी मानता है कि भगवान शिव ने यहां कुछ काल के लिए अपने को छुपा लिया था, इसलिए यह स्थान शिव धाम बन गया । मंदिर कब बना किसने बनाया इसका कोई ठोस प्रमाण नहीं है । लेकिन धर्मावलंबियों के अनुसार इस मंदिर का निर्माण स्वयं भगवान विश्वकर्मा ने किया था । उन्होंने ही भगवान शिव की लिंग स्थापना कर पूजा आराधना एवं अभिषेक किया था । तब से लेकर अब तक यहां जलाभिषेक करने का श्रद्धालुओं में तांता लगा रहता है । श्रावण मास में तो पूछिए ही नहीं नेपाल से लेकर भारत के कोने-कोने से श्रद्धालु भक्त यहां आकर महादेव का अभिषेक करते हैं ।

वर्ष 2013 के 18 अप्रैल को इस थरुहट क्षेत्र का भ्रमण मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया था । उसी क्रम में उन्होने सोफा मंदिर जाकर बाबा भोलेनाथ का पूजा अर्चना एवं अभिषेक किया था । उसे दौर में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा था कि इस स्थान का विकास किया जाएगा तथा पर्यटन स्थल से जोड़ा जाएगा । जो अब तक नहीं हो सका है । वर्ष 2016 में बाढ़ विभीषिका मैं यह मंदिर भी आ गया । मंदिर के नीचे धसने की खबरें आने लगी । मुख्यमंत्री ने तुरंत इसका संज्ञान लिया । खुद वे गौनाहा प्रखंड के दोमट पर पहुंच गए, मंदिर का स्वयं निरीक्षण किया और उन्होंने कहा कि इस मंदिर को कटने नही दिया जाएगा । मुख्यमंत्री के आदेश पर युद्ध स्तर पर मंदिर बचाव कर प्रारंभ हो गया और उनकी कटाव से मंदिर को बचाने की कही गई बात पूर्ण हुई ।

**श्रावण मास के शुक्ल पक्ष तेरस को यहां हजारों हजारों भक्तों की भीड़ होती है । ऐसी मान्यता है कि तेरस से लेकर पूर्णिमा तक अरघा जल प्रदान करने पर बाबा भोलेनाथ अपने भक्तों की इच्छाओं को पूरा करते हैं।**

# जब ट्रैक से उतरकर खेत में दौड़ा इंजन, वीडियो खूब हो रहा वायरल

**गया**। आपने बस, ट्रक या अन्य वाहन को सड़क से नीचे उतरते हुए देखा या सुना होगा लेकिन कभी सुना है कि ट्रेन का इंजन ट्रैक से उतर कर जमीन पर चलने लगा। जी हां, ऐसा ही एक नजारा बिहार के गया जिले में देखने को मिला यहां ट्रेन का एक इंजन आउट ऑफ कंट्रोल हो गया और लूप लाइन के आगे तेजी से बढ़ते हुए जमीन पर दौड़ते हुए खेत में जा पहुंचा। यह घटना गया-किऊल रेलवे लाइन पर हुई। अब इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। जानकारी के मुताबिक, गया-किऊल रेल लाइन पर बीते शुक्रवार को वजीरगंज स्टेशन और कोल्हाना हाल्ट के बीच रघुनाथपुर गांव के पास एक ट्रेन का बेपटरी हो गई और खेत में जा पहुंची। इंजन ट्रैक पर चल ही रहा था कि अचानक आउट ऑफ कंट्रोल हो गया। लोको पायलट इंजन को लेकर लूप लाइन से गया



जंक्शन की ओर जा रहा था तभी अचानक इंजन अनियंत्रित हो गया और ट्रैक से उतरकर खेत में दौड़ने लगा। गांव के पास सड़क पर खड़े लोगों ने इसका वीडियो बना लिया और शनिवार को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वहीं कई लोग कह रहे हैं कि अब खेतों में चलने लगी ट्रेन।

# सॉफ्टवेयर में हुआ बदलाव, अगले माह मिलेगा पहला एलसीए तेजस एमके-1ए

**नई दिल्ली**। लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस एमके-1ए पर इजरायली सॉफ्टवेयर का परीक्षण पूरा हो गया है। अब अंतिम परीक्षण के बाद अक्टूबर के अंत तक भारतीय वायु सेना को पहला तेजस एमके-1ए मिलने का रास्ता साफ हो गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हाल ही में अपनी वाशिंगटन यात्रा के दौरान तेजस एमके-1ए में लगने वाले इंजन की आपूर्ति में देरी का मुद्दा उठाया था। सहमति बनने के बाद इंजन निर्माता कंपनी ने कार्यक्रम संशोधित किया है, जिसके मुताबिक भारत को नवंबर से नए जनरल इलेक्ट्रिक एफ-404 इंजन मिलने लगेंगे। भारतीय वायु सेना के साथ फरवरी, 2021 में अनुबंध होने के बाद हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को इसी साल मार्च से नए विमान की आपूर्ति होनी थी। हालांकि, विमान ने पहली उड़ान मार्च में भरी थी, जिसके बाद वायु सेना को सौंपे जाने से पहले कई परीक्षण किये गए हैं और कई अभी बाकी हैं। सॉफ्टवेयर में बदलाव की मांग वायु सेना ने ही की थी, जिसके चलते विमान की डिलीवरी में कम से कम चार महीने की देरी हुई है। पहला तेजस विमान बी श्रेणी के इंजन के साथ दिया जाएगा। यह इंजन तेजस विमानों के लिए अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) के साथ सौदे के पहले हिस्से के रूप में भारत को मिला था। वायु सेना के एक अधिकारी ने बताया कि सॉफ्टवेयर में बदलाव का काम पूरा हो चुका है और पहला विमान अक्टूबर के अंत तक डिलीवर हो जाएगा। सॉफ्टवेयर में अपग्रेड के चलते वायु सेना को समय पर विमान की आपूर्ति को लेकर आशंकाएं थीं। जब 1983 में एलसीए कार्यक्रम शुरू किया गया था, तब 1994 तक पहले विमान की आपूर्ति करने की योजना थी। दिसंबर 2013 में तेजस को शुरुआती परिचालन मंजूरी मिली और 2019 में वायु सेना को अंतिम मंजूरी के साथ पहला विमान दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### जहानाबाद में सूफी महोत्सव में मंच धंसने से मची अफरातफरी

**मगध-गया, एजेंसी।** जहानाबाद में सूफी महोत्सव के दौरान मंच धंसने से मौके पर अफरातफरी मच गई। इस दौरान मंच पर जिलाधिकारी, विधायक, कलाकार और अन्य लोग मौजूद थे। वहीं, अधिकारियों ने इस मुद्दे पर चुप्पी साध ली। जहानाबाद जिले के काको में आयोजित सूफी महोत्सव के दौरान शुक्रवार को मंच धंसने से अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया। मंच पर जिलाधिकारी, सभी विधायक, कलाकार और गणमान्य लोग मौजूद थे। अचानक हुए इस हादसे के दौरान एक बड़ी घटना टल गई। जानकारी के मुताबिक, सूफी महोत्सव एक राजकीय समारोह था, जिसे जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग के अधिकारियों की निगरानी में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान मंच पर मोमेंटो वितरण का कार्यक्रम चल रहा था। अचानक मंच के धंसने से सभी उपस्थित लोग हक्के-बक्के रह गए। इस स्थिति में जिलाधिकारी ने विधायक सुदय यादव का हाथ पकड़ कर गिरने से बचाया। अगर मंच और ज्यादा नीचे धंस जाता तो स्थिति गंभीर हो सकती थी। वहीं, घटना के तुरंत बाद जिला प्रशासन के अधिकारियों ने इस पर कोई भी प्रतिक्रिया देने से बचते हुए चुप्पी साध ली। मंच के धंसने से कुछ देर के लिए कार्यक्रम में रुकावट आई, लेकिन इसे संयमित तरीके से फिर से शुरू कर दिया गया। अब सवाल उठता है कि राजकीय समारोह के दौरान मंच की बनावट में कमी के लिए जिम्मेदारी किसकी थीड़ पिछले दिनों जिले में वानावर में हुई भगदड़ की घटना के बाद से यह एक बड़ा सवाल बन गया है।

### पटना में अवैध बालू खनन के खिलाफ छापेमारी

**पटना, एजेंसी।** बिहार की राजधानी पटना के बिहटा थाना क्षेत्र में पुलिस ने शनिवार को अवैध बालू खनन के खिलाफ छापेमारी कर 19 लोगों को गिरफ्तार किया। इसके अलावा अवैध बालू से लदे छह बड़ी नावें और बालू लोड करने वाली पांच मेकेनाइज्ड नावों सहित कुल 11 नावें जब्त की गई हैं। बिहार सरकार ने मानसून के दौरान बालू खनन पर रोक लगा रखी है। इसके बावजूद बालू खनन बदस्तूर जारी है। दानापुर (दो) के अनुमंडल पुलिस अधिकारी पंकज कुमार मिश्र ने बताया कि बिहटा पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि अमनाबाद और पथलौटिया सोन नदी के कई क्षेत्रों में अवैध बालू का खनन किया जा रहा है। एक टीम का गठन कर छापेमारी शुरू की गई। बिहटा थाना क्षेत्र के अमनाबाद एवं पथलौटिया में सोन नदी क्षेत्र में पीले बालू के अवैध खनन के विरुद्ध छापेमारी की गईड्ढ इस दौरान बालू के अवैध खनन में संलिप्त 19 लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए लोगों में कई नाव मालिक भी बताए जा रहे हैं जो विभिन्न जिलों के रहने वाले हैं। पुलिस गिरफ्तार लोगों से पूछताछ कर रही है। इस विशेष छापेमारी अभियान के तहत शुक्रवार को नेउरा थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन एवं परिवहन में प्रयोग किये जा रहे दो बालू लोडेड ट्रैक्टर को जब्त किया गया था।

### लालू परिवार ने हमेशा किया मिथिला का अपमान, नीतीश ने दिया सम्मान

**पटना, एजेंसी।** संजय कुमार झा ने आरोप लगाया कि लालू परिवार के डीएनए में मिथिला का अपमान है। तेजस्वी यादव अपने पिता के नक्शे कदम पर चलते हुए मिथिला को मिथिलांचल कह कर एक छोटे क्षेत्र में सीमित कर रहे हैं। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा ने तेजस्वी यादव और लालू परिवार पर मिथिला के अपमान का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मिथिला, जिसकी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान पूरे देश में है, को सीमित और विभाजित करने की साजिश की जा रही है। संजय कुमार झा ने आरोप लगाया कि लालू परिवार ने मिथिला की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्ता को नजरअंदाज किया है। उन्होंने कहा कि लालू परिवार के डीएनए में मिथिला का अपमान है। तेजस्वी यादव अपने पिता के नक्शे कदम पर चलते हुए मिथिला को मिथिलांचल कह कर एक छोटे क्षेत्र में सीमित कर रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि तेजस्वी यादव के पिता, लालू यादव के कार्यकाल में मैथिली भाषा को बीपीएससी से बाहर कर दिया गया था। नीतीश कुमार ने 2005 में बिहार की सत्ता संभालते ही मैथिली को बीपीएससी में दोबारा शामिल किया और उसे उचित सम्मान दिलाया।

### विराट कोहली मेरी कप्तानी में खेल चुके

**दरभंगा, एजेंसी।** दरभंगा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने पहली बार कैमरे के सामने आकर कहा कि वे नौवीं फेल नहीं हैं। उन्होंने विरोधियों पर वार कर कहा कि वह नौवीं पास हैं और पढ़ने लिखने के मामले में सभी विषयों में बहुत अच्छे हैं। इन लोगों को पता होना चाहिए। लेकिन मेरा क्रिकेट से काफी प्रेम था। विरोधी कभी बोलते हैं कि भारतीय टीम के कप्तान विराट कोहली भी उनके कप्तानी में क्रिकेट खेले हैं, क्यों नहीं ये लोग बोलते हैं। मेरा तो प्रोफेशन ही अलग था, मेरे दोनों पैर के लिगामेंट नहीं टूटे होते तो हम क्रिकेट में और आगे जा सकते थे। तेजस्वी यादव ने आगे कहा कि भारतीय टीम में आधा से ज्यादा मेरे जूनियर हैं या बैचमेट हैं। इनके कहने से क्या होगा, अगर मुझे अनपढ़ कहते हैं तो ये लोग प्रधानमंत्री, स्मृति ईरानी को भी अनपढ़ बोलें। यह कोई राजनीति का मापदंड नहीं है। आप जिसको अनपढ़ कहते हैं, उसने बिहार में पांच लाख लोगों को नौकरी दी है। उन्होंने कहा कि ये लोग बताएं कि इतने राज्यों में इनकी सरकार है और डिग्री धारी मंत्री हैं।

# आरा में पूर्व उप मुखिया पर चली ताबड़तोड़ गोली, हमलावर फरार, सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी पुलिस



**आरा, एजेंसी।** भोजपुर जिले के संदेश थाना क्षेत्र के फुलाड़ी गांव मोड़ के समीप रविवार की पूर्वाह्न करीब 11 बजे बाइक सवार हथियारबंद अपराधियों ने बाजार जा रहे एक एक पूर्व उप मुखिया को गोली मार दी और फरार हो गए।

जख्मी 32 वर्षीय दीपक कुमार केसरी संदेश थाना क्षेत्र के फुलाड़ी गांव निवासी नथू साह के पुत्र है। वे खंडोल पंचायत के पूर्व में उप मुखिया थे। वर्तमान में वे फुलाड़ी के वार्ड नंबर 14 के वार्ड पार्षद हैं।

घायल पूर्व उप मुखिया को गोली दाएंसाइड पेट के पिछले हिस्से में लगी है, जो आर -पार हो गई है । इलाज के लिए शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हमलावर एक बाइक पर तीन की संख्या में थे। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के जरिए अपराधियों को चिह्नित करने में लगी है। कारणों के बारे में छानबीन चल रही है।

स्वजनों के अनुसार दीपक कुमार पूर्व में खंडोल पंचायत के उप मुखिया थे। करीब डेढ़- दो माह पूर्व उप मुखिया पर अविश्वास प्रस्ताव लगा था। जिसमें वे उप मुखिया पद से हार गए थे।

वैसे, घर पर किराना दुकान एवं पीएनबी बैंक का सीएसपी भी चलता है। इधर ,घटना की सूचना मिलते ही सदर एएसपी परिचय कुमार एवं संदेश थानाध्यक्ष संतोष कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन की।

आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे को भी खंगाला जा रहा है। जख्मी पूर्व उप मुखिया ने बताया कि वे हर रोज की तरह शनिवार की सुबह भी अपनी लूना बाइक पर सवार होकर बाजार करने के लिए संदेश बाजार जा रहे थे।

जैसे ही वे अपने घर से सौ मीटर आगे फुलाड़ी मोड़ के समीप पहुंचे, तभी एक अपाची बाइक पर सवार तीन हथियारबंद अपराधी पीछे से आए और उन्हें गोली मार कर भाग निकले। इसके बाद ग्रामीण ने फोन कर इसकी सूचना उनके स्वजनों को दी।

सूचना पर स्वजन घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने इलाज के लिए संदेश रेफरल अस्पताल से आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल ले आए। दूसरी ओर जख्मी पूर्व उप मुखिया सह वार्ड पार्षद दीपक कुमार केसरी ने गांव में अपने किसी भी व्यक्ति से किसी भी प्रकार के विवाद एवं दुश्मनी की बातों से साफ इनकार किया है। हालांकि उक्त हथियारबंद अपराधियों ने उन्हें गोली क्यों मारी, इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

इधर, इलाज कर रहे सर्जन चिकित्सक डॉ. विकास सिंह ने बताया कि जख्मी युवक को गोली पेट के पिछले हिस्से में दाएं साइड से मारी गई है, जो बाएं साइड से निकल गई है। गोली लगने के कारण उनकी आंत क्षतिग्रस्त हो गई है। तत्काल ऑपरेशन कर उनके डैमेज पार्ट्स को रिपेयर कर दिया गया है।

## गया पितृपक्ष मेला क्षेत्र को 17 सुपर जोन और 324 सेक्टर में बांटा गया



**गया, एजेंसी।** मोक्ष स्थली के रूप में चर्चित बिहार के गया में पितृपक्ष के दौरान देश -विदेश के लाखों लोग अपने पूर्वजों की आत्मा की मुक्ति के लिए पिंडदान करने आते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए इस साल पूरे मेला क्षेत्र को 17 सुपर ज़ोन, 43 जोन एव 324 सेक्टर में बांटा गया है। सभी सेक्टर में दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, महिला दंडाधिकारी, महिला पुलिस पदाधिकारी एवं पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात कड़िए गए हैं।गया के जिला अधिकारी त्यागराजन एसएम ने बताया कि इस वर्ष पितृपक्ष मेला 17 सितंबर से प्रारंभ होकर 2 अक्टूबर तक चलेगा। तीर्थयात्री गया जिले में आकर विष्णुपद, देवघाट सहित अन्य वेदी स्थलों में तर्पण करते हैं। पितृपक्ष मेला अवधि में तीर्थ यात्रियों को विधि व्यवस्था, यातायात व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है। जिला अधड़िकारी ने कहा कि 17 सितंबर को गोदावरी तालाब में तर्पण किया जाएगा, इसके पश्चात उक्त तिथि से लेकर दो अक्टूबर तक विभिन्न सरोवरों एवं पिंडवेदियों में तर्पण अनुष्ठान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी सरोवरों एवं देवघाट में एसडीआरएफ, गोताखोर एवं लाइव जैकेट की उपलब्धता रखी गई है, साथ ही नाव की भी पूरी व्यवस्था की गई है। सरोवरों में बैरिकेडिंग के साथ-साथ साइन बोर्ड भी लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि विष्णु पद मंदिर के इर्द-गिर्द देव घाट के जाने वाले रास्ते काफी संकीर्ण हैं। इन्ड़हें चोक प्वाइंट के रूप में चिन्हित किया गया है। भीड़ नियंत्रण के लिए अधड़िकारड़ियों की टीम गठड़ित की गई है। उन्होंने कहा कि श्ड़मशान घाट से लेकर गया जी डैम तक एक समय में एक साथ 40 से 50 हजार तीर्थयात्री एक साथ बैठकर तर्पण कर सकते हैं। जिला अधड़िकारी ने कहा कि सेफ्टी एवं सिक्योरिटी का पूरा ख्याल रखा गया है।

## सीबीआई और स्पेशल ब्रांच से मेरी जासूसी करा रहे हैं सीएम : तेजस्वी यादव

**मधुबनी, एजेंसी।** बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने नीतीश कुमार पर उनकी जासूसी कराने का आरोप लगाया है। नीतीश सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए तेजस्वी यादव ने दावा किया कि मेरे कार्यकर्ता संवाद की बैठक में सीआईडी और स्पेशल ब्रांच के लोग जासूसी करते पकड़े गए थे।

तेजस्वी ने दावा किया कि दरभंगा में कार्यकर्ता संवाद यात्रा की बैठक में सीआईडी और स्पेशल ब्रांच के लोग बैठे थे। वो सारी चीजें नोट कर रहे थे। उनसे कार्ड दिखाने को कहा गया तो इसकी जानकारी मिली।

तेजस्वी ने कहा कि नीतीश कुमार डरे हुए हैं, इसलिए अब वह मेरी जासूसी करा रहे हैं। सीआईडी और स्पेशल ब्रांच के लोग हमारे कार्यक्रम की गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं।

तेजस्वी ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री इतनी नजर अगर अपराधियों पर रखते तो बिहार की कानून व्यवस्था काफी सुधर जाती।

इस दौरान, तेजस्वी यादव ने मिथिलांचल के विकास पर संजय झा के बयान पर भी प्रतिक्रिया दी। तेजस्वी ने कहा कि जो नेता खुद कोई चुनाव न जीता हो उससे मुझे कुछ सीखने की जरूरत नहीं है।

# बिहार में भीषण सड़क हादसा, मासूम बच्ची सहित दो की मौत; मेला देखने जा रहे थे सभी

**तिरहुत-मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बिहार में ऑटो और ट्रैक्टर में भीषण टक्कर हो गई, जिसमें मासूम बच्ची सहित दो लोगों की मौत हो गई है। इस घटना में कई लोग घायल हुए हैं, जिनका इलाज एनएमसीएच में चल रहा है।

बिहार के मुजफ्फरपुर जिला में एक भीषण सड़क हादसा हुआ है, जिसमें एक मासूम बच्ची सहित दो की मौत हो गई है। वहीं लगभग दर्जन भर लोग घायल हो गये। बताया जा रहा है कि सभी लोग कांटी थाना क्षेत्र में लगे गणेश उत्सव मेला को देखने जा रहे थे। इसी दौरान पानापुर थाना क्षेत्र के पखनाहा एनएच 27 के एचपी पेट्रोल पंप के पास एक तेज रफ्तार से आ रहे ट्रैक्टर ने ऑटो में टक्कर मार दिया। इस दौरान लोग घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। इस घटना की जानकारी के बाद स्थानीय ग्रामीण भी घटनास्थल पर जुट गए। ग्रामीणों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस भी वहां पहुँच गई और घायल लोगों को आननफानन में एसकेएमसीएएच पहुंचाया, जहां एक मासूम बच्ची सहित दो की मौत हो गई है। अन्य घायल लोगों का इलाज शहर के निजी अस्पताल में चल रहा है।




घटना के संबंध में परिजनों का कहना है कि सभी लोग एक साथ एक ऑटो में सवार हो कर मेला देखने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान एनएच पर एक तेज रफ्तार से आ रहे ट्रैक्टर ने ऑटो में पीछे से टक्कर मार दिया। इस घटना में ऑटो क्षतिग्रस्त हो गया। वही इस ऑटो में सवार सभी लोग गंभीर रूप में जख्मी हो गए। पुलिस का कहना है कि सभी लोग अकुंरहा गांव के रहने वाले हैं। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी का माहौल हो गया। वही एसकेएमसीएच मेडिकल कॉलेज में परिजन और स्थानीय लोग जमा हो गये। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। फिलहाल घायलों का इलाज चल रहा है।

## पश्चिम चंपारण में पुलिस से बदतमीजी, शराबियों ने सिपाही की पकड़ी कॉलर, चार गिरफ्तार



**हरनाटांड़, एजेंसी।** बिहार के पश्चिम चंपारण में लौकरिया थाना क्षेत्र के पाड़रखाप गांव में शनिवार की शाम सार्वजनिक जगह पर शराब पीने से मना करने पर एक शराबी ने सिपाही की कॉलर पकड़ ली और हाथापाई भी की।

इसके बाद हंगामा मच गया। पुलिस ने कॉलर पकड़ने वाले युवक समेत चार शराबी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया। शराबियों की पहचान लौकरिया थाना क्षेत्र के पाड़रखाप गांव निवासी लखन कुमार (20), मुन्ना महतो (36), सीताराम कुमार (20) व चिउटाहां थाना क्षेत्र के मैनाहा गांव निवासी फुलेंद्र कुमार (22) के रूप में की गई है।

पुलिस के अनुसार, पाड़रखाप गांव के समीप अमलोरवा कुट्टी रोड के पास सार्वजनिक स्थल पर शराब पीकर हंगामा कर रहे थे। जिनकी गुप्त सूचना लौकरिया थानाध्यक्ष को मिली।

जानकारी मिली कि जिस रास्ते से स्कूली छात्राएं आती जाती हैं, वहीं कुछ लोग शराब पी रहे हैं। इसपर त्वरित कार्रवाई करते हुए थानाध्यक्ष अमन कुमार सिंह ने एसआई पवन कुमार के साथ पुलिस बल को मौके पर भेजा। जहां से चारों को शराब के नशे में गिरफ्तार किया गया।

थानाध्यक्ष ने बताया कि सूचना पर पुलिस टीम पहुंची तो देखा कि कुछ लोग सार्वजनिक स्थल पर हो हल्ला कर रहे थे। जब पुलिस ने मना किया तो वे लोग उनके साथ भी गाली गलौज करने लगे। इसी दौरान शराब के नशे में धुत्त लखन कुमार ने एक सिपाही की कॉलर पकड़ ली।

जब शराब की दुर्गंध आई तो ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच की गई। जिसमें शराब पीने की पुष्टि हुई। इसके बाद तत्काल प्रभाव से सभी को गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करते हुए चारों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में रविवार को बगहा उपकारा भेज दिया गया।

## समाज में यह भ्रम फैला दिया है कि...प्रशांत किशोर ने मंच से लोगों को दे दिया बड़ा संदेश

**पटना, एजेंसी।** जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने कहा है कि नेताओं ने समाज में यह भ्रम फैला दिया है कि राजनीति में जाति और धनबल की जरूरत होती है। ऐसा कदापि नहीं है। वे शनिवार को पटना के ज्ञान भवन में प्रबुद्ध समाज के लोगों के साथ आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे।

पीके ने कहा कि आज समाज का एक बड़ा वर्ग जो शिक्षित हैं और जिनका चरित्र भी अच्छा है पर वह राजनीति से दूरी बनाए रखते हैं। इसकी वजह है उनके अंदर फैलाया गया भ्रम। यही वजह है कि जो सक्षम हैं और जिनकी सोच समाज में कुछ अच्छा करने की है वे इसी भ्रम की वजह से राजनीति से दूरी बनाकर रहना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि इसी वजह से जन सुराज विचार मंच की कल्पना की गई है। जो लोग राजनीति में समाज सेवा के उद्देश्य से आना चाहते हैं उनसे उम्मीद है कि वे जन सुराज का संदेश पहुंचाने में अपने को आगे लाएंगे।

उन्होंने कहा इसके लिए हम सबको मिलकर प्रयास करना होगा। कार्यक्रम में जन सुराज विचार मंच के सभी जिला संवाद सारथी और प्रखंड संवाद सारथी उपस्थित थे। इस दौरान जन




सुराज के मीडिया प्रभारी संजय कुमार व अन्य भी उपस्थित रहे।

यही नहीं, जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने यह तक कह दिया कि सत्ता में अगर वह आए तो एक घंटे के भीतर शराबबंदी कानून को खत्म कर देंगे। उन्होंने यह भी बताया कि जन सुराज की स्थापना क्यों की गई है। प

पीके ने कहा कि जो लोग राजनीति में समाज सेवा के उद्देश्य से आना चाहते हैं उनसे उम्मीद है कि वे जन सुराज का संदेश पहुंचाने में अपने को आगे लाएंगे।

## बिना संसाधन वाले आईटीआई की समाप्त होगी मान्यता

**पटना, एजेंसी।** राज्य के निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) की जांच के लिए विशेष कमेटी गठित की गई है। इस माह के अंतिम सप्ताह से श्रम संसाधन विभाग द्वारा जिलेवार निजी आईटीआई की जांच की शुरुआत होगी। जांच में यह देखा जाएगा के केंद्र सरकार के मानदंडों के आधार पर आईटीआई कितने संचालित हो रहे हैं। बिना संसाधन वाले आईटीआई की मान्यता रद्द करने की अनुशंसा की जाएगी। श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने बताया कि सभी निजी आईटीआई की जांच पूरी होने के बाद उसकी समीक्षा की जाएगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कारवाइ हेतु केंद्र सरकार को अनुशंसा भेजा जाएगा। सरकार चाहती है कि राज्य में संचालित सभी निजी आईटीआई में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण-प्रशिक्षण मिले। ऐसी शिकायतें मिली हैं कि कई आईटीआई संचालकों द्वारा मानकों के अनुरूप व्यावसायिक पाठ्यक्रम संचालित नहीं किए जा रहे हैं। मंत्री संतोष कुमार सिंह ने बताया कि जिस सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के भवन का निमार्ण कार्य पूर्ण हो चुका है, उन संस्थानों को अविलंब हस्तगत लेने का निर्देश दिया गया है। साथ ही जिन संस्थानों का भवन निर्माण कार्य प्रगति पर है, उसका निदेशालय स्तर से टीम गठित कर जांच कराने का निदेश दिया गया है। श्रम संसाधन मंत्री ने बताया कि सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षणरत प्रशिक्षणार्थियों की निगरानी मुख्यालय स्तर पर होगी। इसके लिए विभाग के अफसरों को सभी जिलों में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का नियमित निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया है।

साथ ही, सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सुदृढ़ निगरानी तंत्र विकसित करने का निर्देश दिया गया है। सरकारी संस्थानों को मशीन, टूल्स व उपकरणों इत्यादि का क्रय निदेशालय स्तर केंद्रीयकृत व्यवस्था के रूप में करायी जाएगी ताकि गुणवत्तायुक्त सभी मशीन, टूल्स व उपकरण सुनिश्चित करायी जा सके।

## राहुल गांधी से हिंदुओं के संबंध में सवाल पूछा तो वो जीभ काट लेंगे : गिरिराज सिंह

**पटना, एजेंसी।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने तंज कसते हुए कहा, अगर राहुल गांधी से हिंदुओं के संबंध में सवाल किया गया तो वह जीभ काट लेंगे। दरअसल, उनसे पूछा गया कि अमेरिका में जब राहुल गांधी से बांग्लादेशी हिंदुओं पर सवाल किया गया तो एक पत्रकार के साथ कथित तौर पर मारपीट की गई। इस सवाल के जवाब में आईएएनएस से केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा, राहुल गांधी के व्यवहार पर एक मेरे पत्रकार मित्र कह रहे थे कि अभी तो सिर्फ माइक फेंका गया, लेकिन आने वाले दिनों में अगर राहुल गांधी से हिंदुओं के बारे में सवाल किया गया तो वह उनकी जीभ काट लेंगे। यह व्यवहार लोकतंत्र के लिए हानिकारक है। उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए, हिंदुओं से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा, अगर मुसलमानों के बारे में सवाल पूछा होता तो उनकी जुबान खूब चलती। गिरिराज सिंह ने शिमला मॉडल पर कहा, हिमाचल प्रदेश में शिमला के हिन्दुओं ने देश को एकजुट करने का काम किया है। वक्फ बोर्ड के द्वारा वहां अवैध रूप से जमीन कब्जा किया गया। आज शिमला मॉडल ने साबित कर दिया कि हिन्दु एकजुट होंगे तो कोई गौरी-मोहम्मद आपकी जमीन नहीं छीन पाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### चाणक्य विद्यापति सोसाइटी ने 51 दानवीरों को किया सम्मानित

**बाबा गरीबनाथ धाम सभागार में हुआ सम्मान समारोह**



**मुजफ्फरपुर।** चाणक्य विद्यापति सोसाइटी की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सनातन संस्कृति , संस्कार, शिक्षा को प्रोत्साहित करने वाले 51 दानवीरों को सनातन गौरव सम्मान दिया गया। सम्मान के रूप मे समिति परिवार की ओर से चुनरी, माला, सम्मानपत्र और मोमेंट भेंट की गई। समिति के अध्यक्ष बाबा गरीब नाथ धाम के प्रधान पुजारी पंडित विनय पाठक ने कहा कि समिति 10 साल से सनातन धर्म संस्कृति की रक्षा के साथ संस्कार शिक्षा और एकजुटता के लिए पहल कर रहा है। इसी कड़ी में पिछले दिनों सामूहिक उपनयन संस्कार का आयोजन किया गया था। इस आयोजन में सहयोग करने वाले सनातन समाज के वैसे दानवीर जो हमारे धर्म संस्कृति की रक्षा, समाज में शिक्षा, संस्कार को बढ़ावा देने में सहयोग कर रहे हैं उसको सम्मानित किया गया। मेयर निर्मला देवी साहू ने कहा कि सोसाइटी सनातनियों के लिए बहुत बेहतर काम कर रही है। हम अपने बच्चों में अच्छा संस्कार देंगे, शिक्षित करेंगे तो समाज बहुत मजबूत होगा। पूर्व मंत्री सुरेश शर्मा और ई अजीत कुमार ने कहा कि यह सोसाइटी शिक्षा, जनेऊ संस्कार के साथ अन्य कई सामाजिक काम कर एक मिशाल कायम कर रही है। यह हम सनातनी के लिए गौरव की बात है। अध्यक्षता पंडित विनय पाठक ने की।मंच संचालन विजेतानंद झा उर्फ मुन्ना रफी, संस्था के संरक्षक शंभूनाथ चौबे ने किया। धन्यवाद ज्ञापन संगठन मंत्री अजयानंद झा ने की। रंजना झा व उदयशंकर झा ने अपने गायन से वाहवाही बटोरी। संस्था की ओर से उपाध्यक्ष साकेत रमन पाण्डेय, कार्यक्रम संयोजक अभय चौधरी, महंत नवल किशोर मिश्रा, मनमन त्रिवेदी डा शशिकांत पाठक, महिला शाखा अध्यक्ष वीणा मिश्रा ,मनोज ठाकुर, सुबोध झा, भुवनेश्वर झा, सुरेंद्र पांडे, सुशील झा, चंद्रमणि पाठक ,राघवेंद्र मिश्रा आदि ने अतिथियों को सम्मानित किया।

**इनको मिला सम्मानः** मेयर निर्मला देवी साहू,उद्योगपति भूषण झा,अधिवक्ता अरुण पांडेय,कांग्रेस नेता धर्मवीर शुक्ला, भाजपा नेता भगवान लाल महतो, अमीन सहदेव राम, शिवशंकर साहू,डा कमलाकांत मिश्रा,मुखिया शशि ठाकुर उर्फ नवीन ठाकुर, पंचायत समिति सदस्य कौशल दुबे, नीरज मिश्रा, सुधीर कुमार उर्फ गुड्डु, आटो चालक संघ के एआर अन्नू, इलियास इलू, वैद्य डा ललन तिवारी समेत 51 को सम्मानित किया गया।

### फुलवारी शरीफ से टीकाकरण अभियान की शुरुआत

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने रविवार को फुलवारी शरीफ के कुरकुरे गांव से टीकाकरण के महा अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में इंद्रधनुष योजना चला कर देश की गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए स्वस्थ होने का सपना देखा था। उन्होंने कहा कि इंद्रधनुष कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज को स्वस्थ बनाना है। बिहार के 534 ब्लॉक में 1000 केंद्रों पर टीकाकरण का आज से शुभारंभ किया गया है। यह सप्ताह में 3 दिन सोमवार, मंगलवार और बृहस्पतिवार के दिन दिया जाना है। मंगल पांडे ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी गर्भवती मां के अलावा गांव-देहात के बच्चों को 12 तरह के टीकाकरण करना है। स्वास्थ्य मंत्री के मुताबिक जो भी लोग 12 तरह के टीका को अपने बच्चों को लगा लेते हैं। उनका बच्चा कभी भी बीमार या रोगी नहीं होगा। टीकाकरण का मुख्य उद्देश्य ही है बच्चों को बीमारी से बचाना। उन्होंने कहा कि कोरोना से पहले हम टीकाकरण के अभियान में 90% तक पहुंच गए थे। लेकिन कोरोना काल के कारण टीकाकरण अभियान धीमा पड़ गया था।

### बाढ़ में NH-31 पर गिरा बरगद का पेड़, वन विभाग की टीम ने पेड़ को काट कर हटाया

**पटना।** बाढ़ अनुमंडल के एनटीपीसी थाना अंतर्गत रैली गांव के पास एनएच-31 पर कई वर्ष पुराना बरगद का पेड़ गिर गया। इससे आवागमन बाधित हो गया। पेड़ गिरने की सूचना मिलते ही एनटीपीसी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद पंडारक वन विभाग की टीम भी आई। पेड़ को काटकर सड़क से हटाया गया। करीब एक घंटे से ज्यादा समय तक गाड़ियों का आवागमन बाधित रहा। जान-माल की क्षति नहीं हुई है। पेड़ गिरने से 33000 वोल्ट बिजली का तार भी चपेट में आ गया। बिजली का खंभा भी झुक गया है। एनटीपीसी थाना के एएसआई अभि कुमार सिंह ने बताया कि इससे पहले भी लेमुआबाद गांव के पास एनएच-31 पर पेड़ गिरा था। बाढ़ थाना अंतर्गत जलगोविंद चौक के पास भी एनएच-31 पर पेड़ गिरा था। दोनों स्थानों पर वन विभाग की टीम ने पेड़ को काटकर हटाया।

### सिपाही भर्ती परीक्षा में आंसर की जारी करने की मांग

**पटना।** सिपाही भर्ती परीक्षा को लेकर छात्र नेता दिलीप कुमार ने आंसर की जारी करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि आयोग ने किस प्रश्न का कौन-सा उत्तर सही माना है। यह जानना अभ्यर्थियों का अधिकार है।अभ्यर्थियों को यह भी जानने का अधिकार है कि उनको कितना मार्क्स आया। जून 2023 में बिहार पुलिस में सिपाही के लिए 21391 पदों पर सीधी नियुक्ति के लिए विज्ञापन आया था। पिछले वर्ष एक अक्टूबर को लिखित परीक्षा से पहले ही पेपर लीक हो गया था।

# तेजस्वी बोले- मेरी बैठकों की जासूसी करवा रही है सरकार

**यात्रा के दौरान CID-स्पेशल ब्रांच वाले बैठे रहे, भ्रष्टाचार के पैसों से मंत्री छपवा रहे विज्ञापन**

**एजेंसी, पटना।**



नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार उनके बैठकों की जासूसी करवा रही है। तेजस्वी ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए मधुबनी में कहा है कि मेरी कार्यकर्ता संवाद यात्रा की बैठक के अंदर CID और स्पेशल ब्रांच वाले बैठे रहे। वो सब कुछ नोट कर रहे हैं। उन्होंने जब कार्ड दिखाया तो इसकी जानकारी मिली। इससे यह साफ है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मेरी बैठक की जासूसी करा रहे हैं। मुख्यमंत्री डरे हुए हैं। हमलोगों का कार्यक्रम किस तरह से चल रहा है इस पर नजर रखी जा रही है। तेजस्वी ने कहा कि इतनी ही नजर मुख्यमंत्री अपराधियों पर रख दिए होते तो बिहार का लॉ एंड ऑर्डर बहुत ही बेहतरीन होता।

**ऐसा विज्ञापन नहीं देखाः** तेजस्वी ने रविवार को बिहार के अखबारों में प्रकाशित विज्ञापन पर भी सवाल उठाया है। तेजस्वी ने कहा कि अभियंता दिवस के अवसर पर नीतीश कुमार को हार्दिक शुभकामनाएं दी जा रही है। ये न तो जेडीयू की तरफ से है और न ही सरकार की तरफ से। इस पर निवेदन का अता-पता नहीं है, लेकिन इस पर कई मंत्रियों का फोटो है। भ्रष्टाचार के पैसों से मंत्री यह सब छपवा रहे हैं। पार्टी की तरफ से छपा होता तो प्रदेश अध्यक्ष का फोटो होता। विभागों में भ्रष्टाचार का यह उदाहण है । ऐसा बिना निवेदक वाला विज्ञापन हमने नहीं देखा।

**कार्यकर्ता संवाद यात्रा पर हैं तेजस्वीः** बता दें तेजस्वी यादव इन दिनों कार्यकर्ता संवाद यात्रा पर हैं। प्रथम चरण की यात्रा की शुरुआत उन्होंने समस्तीपुर से की है और यह दरभंगा, मधुबनी होते हुए मुजफ्फरपुर में समाप्त होगी। इस बैठक में मीडियाकर्मियों पर भी रोक है। विधानसभा चुनाव को लेकर तेजस्वी यादव कार्यकर्ताओं के साथ रणनीति बना रहे हैं।

# पटना में महिला पत्रकार के अपहरण का प्रयास

**एजेंसी, पटना।**




**दो युवकों ने ई-रिक्शा से जबरन बाइक पर बैठाया, मामला दर्ज, प्रेम-प्रसंग से भी जोड़कर देख रही है पुलिस**

पटना में शनिवार की शाम एक डिजिटल चैनल की महिला पत्रकार दिव्या के अपहरण की कोशिश की गई। बाइक सवार 2 बदमाशों ने ई-रिक्शा से जा रही पत्रकार को रिक्शे से जबरदस्ती उतार लिया और बाइक पर बैठा लिया। इसके बाद आरोपियों ने उसे बेली रोड पर छोड़ कर भाग गए। फिलहाल SK पूरी थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने बाइक सवार को चिन्हित कर लिया है। वहीं पुलिस पूरे मामले को प्रेम-प्रसंग से भी जोड़कर देख रही है। दिव्या ने बताया कि वह भागलपुर की रहने वाली है। पटना के राजीव नगर में रहती हैं। शनिवार कि देर शाम लगभग 10 बजे पहलवान मार्केट से बोरिंग रोड चौराहा पहुंची। वहां से ई-रिक्शा से साईं मंदिर जा रही थी। इसी बीच दिव्या को कुछ गलत होने का अंदेशा हुआ। दिव्या ने ई-रिक्शा चालक को रोकने को कहा। तभी वहां बाइक से 3 लोग आए, एक उतर गया और दो लोग मुझे जबरन बाइक पर बैठा लिए। वो लोग पहले मुझे शिवपुरी स्थित गली में ले गए। उसके बाद कपड़े से मेरा आंख और मुंह बांध दिया। मेरे फोन से कहीं-कहीं मैसेज किया। कुछ देर बाद दोनों मुझे बाइक से उतार कर फरार हो गए। इस बीच मुझे किधर ले गए मुझे पता नहीं। जब आंख पर लगी पट्टी खोली तो अपने आप को बेली रोड में पाया। इसके बाद मैं किसी तरह थाने पहुंची और मामला दर्ज कराया। बदमाश मेरा मोबाइल छीनकर मेरे एक परिचित से चैट भी कर रहे थे।

# नदी में डूबने लगे तीन बच्चे, 1 की मौत

**एजेंसी, पटना।**



पटना में आज कर्मा पूजा के झाड़ के विसर्जन के दौरान महत्माइन नदी में तीन बच्चे डूबने लगे अनुष्का कुमारी, पीयूष कुमार और साहिल कुमार डूबने लगे। इस दौरान एक बच्चे साहिल कुमार (14) की मौत हो गई। घटना पटना के फतुहा शहर के शिवचक गांव की है। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने NH-30 को मुंडेरा गांव के पास आधे घंटे तक जाम कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर मामला शांत करवाया। दरअसल, विसर्जन के दौरान पहले साहिल नदी में डूबने लगा। साहिल को डूबता देख अनुष्का-पीयूष बचाने का प्रयास करने लगे। अचानक तीनों डूबने लगे। आस-पास के लोगों की नजर डूब रहे बच्चों पर पड़ी तो लोगों ने किसी तरह अनुष्का-पीयूष को बचाया। वहीं कड़ी मशक्कत के बाद साहिल का शव बरामद हुआ। मृतक के चचेरे भाई शिवराज कुमार ने बताया कि बच्चे नदी में कर्मा पूजा का झाड़ प्रवाहित करने नदी में उतरे थे। पैर फिसलने से हादसा हुआ। बच्चों की पहचान शिवचक निवासी ललिंदर सिंह का बेटा साहिल कुमार, पिंटू कुमार की बेटी अनुष्का कुमारी और गुड्डु कुमार के बेटे पीयूष कुमार के रूप में हुई है।

# RJD का राजभवन मार्च को पुलिस ने रोका, बढ़ते अपराध और गिरती कानून व्यवस्था के खिलाफ कर रहे हैं प्रदर्शन

**एजेंसी, पटना।**

**धरने पर बैठी महिलाएं**



RJD की ओर से राज्य में बढ़ते अपराध और गिरती कानून व्यवस्था के खिलाफ आज राजभवन किया जा रहा है। पुलिस ने मार्च को इनकम टैक्स चौराहे पर रोक दिया है। इसमें बड़ी संख्या में राजद के नेता-कार्यकर्ता भाग ले रहे हैं। पूर्व मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, वरिष्ठ नेता भोला यादव, भाई वीरेंद्र सहित कई नेता मौजूद हैं। फिलहाल तेजस्वी यादव कार्यकर्ता संवाद यात्रा में मुजफ्फरपुर में हैं। इसलिए वो राजभवन मार्च में भाग नहीं ले रहे हैं। वहीं बड़ी संख्या में महिलाएं यहां धरने पर बैठ गई हैं। चौराहे पर छात्र राजद के कई नेता भी धरने पर बैठ गए हैं।

**सरकार का इकबाल समाप्त हो गया हैः** प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू ने कहा है कि अपराध बेकाबू है और सरकार इस पर रोक नहीं लगा पा रही है। आम लोग हलकान हैं। इसलिए राष्ट्रीय जनता दल इसके खिलाफ राजभवन मार्च करने जा रहा है। एजाज अहमद ने कहा कि डकैती, बलात्कार की घटनाएं, शासन-प्रशासन की विफलताओं के साथ-साथ सरकार का इकबाल समाप्त हो गया है और लोग खौफ के साये में जी रहे हैं। लोगों को घर से बाहर निकलने में डर लग रहा है और ऐसा लगता है कि बिहार में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है अपराधी अपराध करने में मस्त हैं ,वहीं शासन-प्रशासन पूरी तरह से पस्त है और सरकार में बैठे हुए नेता, पदाधिकारी मलाई काटने में व्यस्त है।

**प्रशासन ने रोक दिया दिया थाः** बता दें आरजेडी की ओर से किसान प्रकोष्ठ ने 2 सितंबर को राजभवन मार्च किया था, लेकिन इनकम टैक्स के पास ही प्रशासन ने इन्हें रोक दिया था। रविवार को लॉ एंड ऑर्डर के सवाल पर आयोजित राजभवन को भी इनकम टैक्स से आगे जाने दिया जाएगा इसमें संशय है।

# पटना के होटल में आग, अंदर सो रहे थे 19 लोग, समय रहते स्टाफ ने जगाया, दमकल ने 2 घंटे में पाया काबू

**एजेंसी, पटना।**



पटना के फ्रेजर रोड स्थित बिहार के सबसे चर्चित होटल मारवाड़ी वासा में रविवार सुबह भीषण आग लग गई। आग लगने से मौके पर अफरातफरी का माहौल हो गया। जिस समय आग लगी, उस समय होटल में 19 लोग मौजूद थे। सभी गहरी नींद में सो रहे थे। आग लगने का पता चलने पर होटल स्टाफ ने लोगों को इसकी जानकारी दी। फिर होटल में ठहरे लोग हड़बड़ा कर बाहर निकल आए। होटल के गोडाउन में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी थी। इस दौरान कई सामान जलकर राख हो गए। गोडाउन में कई सोफे भी रखे थे, जिसके कारण आग तेजी से फैलती चली गई। आग लगने के बाद होटल के कर्मचारी कई सिलेंडर लेकर भागते दिखे, जिसकी वजह से एक बड़ा हादसा होने से बच गया। फिलहाल, दमकल की 5 गाड़ियों ने करीब 2 घंटे की मशक्कत से आग पर काबू पा लिया है। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। हालांकि कितने की संपत्ति खाक हुई है, इसका आकलन किया जा रहा है।

**होटल के कमरे जहां लोग थे, वहां हमने आग को पहुंचने नहीं दियाः** जिला अग्निशमन पदाधिकारी मनोज कुमार नट ने बताया कि पहली नजर में लगता है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी है। घटना की सूचना के 2 मिनट बाद ही मौके पर फायर

**कई सिलेंडर भी बाहर निकाले**

ब्रिगेड की टीम पहुंच गई। होटले के कमरे जहां लोग ठहरे हुए थे, वहां हम लोगों ने आग को नहीं पहुंचने दिया। दमकल की 6 बड़ी गाड़ियां मौके पर पहुंची थी। हाइड्रेंट, हाइड्रोलिक सहित दूसरे मॉर्डन इक्विपमेंट से लैस होकर टीम मौके पर पहुंची थी। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। सामान का नुकसान हुआ है।

**होटल में 95 कमरे, गैलरी संक्रीर्णः** होटल मारवाड़ी वासा में कुल 95 कमरे हैं। जिस बैंक्वेट हॉल में आग लगी थी, उसकी गैलरी संकीर्ण है। बिल्डिंग भी काफी पुरानी है। सुबह का समय होने के कारण होटल में ज्यादा लोग नहीं थे, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।

# रावण राज के प्रतीक हैं लालू प्रसाद

**एजेंसी, पटना।**



**♦ डिप्टी CM सम्राट ने कहा-गुंडागर्दी करने वाले राजभवन कैसे जा सकते हैं, RJD बोली-बिहार में चल रहा राक्षस राज**

बिहार के डिप्टी CM सम्राट चौधरी ने राजद के राजभवन मार्च और आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि 'राजद का मतलब ही गुंडागर्दी और अपराधी होता है। जो गुंडागर्दी करता हो, वह राजभवन कैसे जा सकता है।' सम्राट चौधरी ने कहा कि 'राजद वालों को शर्म आनी चाहिए। लालू रावण राज के प्रतीक हैं। लालू-राबड़ी के राज में लोग घर से नहीं निकलते थे।'

डिप्टी CM के बयान पर राजद ने पलटवार किया है। राजद प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा कि बिहार में राक्षस राज चल रहा है। राज्य में लगातार महिलाओं पर अत्याचार हो रहा है, लेकिन सरकार चुप्पी साधे बैठी है।

**बढ़ते अपराध के खिलाफ राजद ने किया राजभवन मार्चः** बिहार में बढ़ते अपराध और गिरती कानून व्यवस्था के खिलाफ राजद की ओर से राजभवन मार्च निकाला गया। इसमें राजद के नेता-कार्यकर्ता शामिल हुए। पूर्व मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, वरिष्ठ नेता भोला यादव, भाई वीरेंद्र समेत कई नेता मौजूद हैं। हालांकि, पुलिस ने मार्च को इनकम टैक्स चौराहे पर रोक दिया है। वहीं, तेजस्वी यादव कार्यकर्ता संवाद यात्रा में मुजफ्फरपुर में हैं। इसलिए वो मार्च में शामिल नहीं हुए थे। मार्च में बड़ी संख्या में आरजेडी के कार्यकर्ता शामिल हुए।

# डेंगू के अलग-अलग वैरिएंट से संक्रमित हो रहे लोग

**एजेंसी, पटना।**



**सीरो टाइपिंग से वैरिएंट की मिलेगी जानकारी, बिहार में पिछले 24 घंटे में 102 तो पटना में मिले 46 मामले**

डेंगू के अलग-अलग वैरिएंट होते हैं। पीड़ित मरीज के भीतर किस तरह के डेंगू का वैरिएंट है, इसका पता सीरो टाइपिंग से लगाया जाएगा। अगर वह दूसरी बार डेंगू की चपेट में आया है, तो वह उसके लिए कितना खतरनाक है, यह भी इससे पता चलेगा। IGIMS में सीरो टाइपिंग की जाएगी। डेंगू के चार प्रकार के वैरिएंट होते हैं। DENV-1, DENV-2, DENV-3 और DENV-4 सीरो टाइपिंग से वैरिएंट की जानकारी मिलेगी। वैरिएंट की जानकारी मिलने पर डेंगू के रोकथाम, इलाज, वैक्सीन बनाने में सहूलियत होगी। पटना समेत राज्य में डेंगू के किस वैरिएंट का है प्रकोप है सीरो टाइपिंग से जानकारी मिलेगी। इसकी पुष्टि IGIMS में माइक्रोबायोलॉजी विभाग के हेड डॉ. नम्रता ने की। इधर, राज्य के स्टेट प्रोग्राम आफिसर (वेक्टर बार्न डीजिज) डॉ. अशोक कुमार का कहना है कि जहां भी जमा पानी मिल रहा है। वहां मच्छरों का लार्वा मिल रहा है। नया ट्रेंड देखने को मिल रहा है। घर या आसपास में छोटा तालाब बनाकर या बड़े खाली कंटेनर में लोग कमल फूल उगा रखें हैं। उसमें भी मच्छरों का लार्वा मिला है। पानी साफ करा दिया गया और सलाह दी गई कि दो दिन पानी बदल दें। डॉ. अशोक ने सभी स्कूलों के प्राचार्य से अपील किया है कि कैंपस में गमलों में जमा पानी को दो से तीन दिन में बदल दें।

**राज्य में डेंगू के 102 तो पटना में 46 मरीज मिलेः** शनिवार को राज्य में डेंगू के 102 नए मरीज मिले हैं। इसमें पटना के विभिन्न इलाकों में डेंगू 46 मरीज है। राज्य में अबतक डेंगू से 1637 लोग जबकि पटना में 756 लोग पीड़ित हो चुके हैं। पटना के बाद सबसे अधिक गया में अबतक 102 लोग डेंगू से पीड़ित हो चुके हैं। राज्य में अबतक सात डेंगू मरीजों की मौत हो चुकी है।

**स्कूल और कंस्ट्रक्शन साइट पर मिला लार्वाः** टीम गर्दनीबाग स्थित बालिका विद्यालय में भी निरीक्षण किया। स्कूल कैंपस में रखे गमले में मच्छरों का लार्वा मिला। सबसे अधिक फूल गमले जमा पानी में लार्वा मिल रहा है। चितकोहरा स्थित पंजाबी कालोनी में रखे नाद (जानवरों के खिलाने का बर्तन) में जमा पानी में मच्छरों का लार्वा मिला है। उसे साफ करा दिया गया और नाद में पानी जमा नहीं करने की सलाह दी गई। पटना सिटी स्थित मध्य विद्यालय कैंपस में भी मच्छरों का लार्वा मिला है। इसके अलावा बाजार समिति इलाके के रामकृष्णा कोलनी, भागवत नगर अपार्टमेंट के बेसमेंट, कंस्ट्रक्शन साइट में मच्छरों का लार्वा मिला। पाटलिपुत्र कोलनी, नागेश्वर कालोनी के घर और अपार्टमेंट में डेंगू मच्छरों का लार्वा मिला है।

**लक्षण मिले तो जांच करा लेंः** डेंगू के मुख्य लक्षणों में तेज बुखार, शरीर और सिर दर्द, आंखों के पीछे दर्द, शरीर लाल दाने या चकता का निकलना आदि हो सकता है। इस तरह के लक्षण मिलने पर डेंगू जांच करा लें। जांच की सुविधा सभी सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क है।

**जमा पानी में मिल रहा मच्छरों का लार्वाः** मच्छरों का लार्वा जांचने के लिए केंद्रीय टीम शहर के विभिन्न इलाकों का निरीक्षण कर चुकी है। निरीक्षण के दौरान टीम को स्कूल, अपार्टमेंट, घर, कंस्ट्रक्शन साइट में मच्छरों का लार्वा मिला है। उसी के मुताबिक छिड़काव और फागिंग की कार्रवाई भी जा रही है। वैसे एंटामोलॉजिकल सर्वे दौरान केंद्रीय टीम ने बताया कि इस बार मच्छरों का डेंसिटी कम है। केंद्रीय टीम बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन का भी किया निरीक्षण कर चुकी है। दिल्ली की नेशनल सेंटर फार वेक्टर बार्न डीजिज कंट्रोल की टीम गांधी मैदान स्थित बस स्टैंड, पीएमसीएच, पटना जंक्शन, करबिगहिया और राजेंद्रनगर टर्मिनल स्टेशन का निरीक्षण किया।

# गंगा नदी में डूबी मां-बेटी, तलाश में SDRF, पैर फिसला तो डूबने लगी बेटी

**♦ बचाने गई मां भी डूबी, कर्मा पर्व के अवशेष का विसर्जन करने पहुंची थी**

**एजेंसी, पटना।**



पटना में मां लक्ष्मी देवी (39) और बेटी खुशबू कुमारी (11) गंगा नदी में डूब गई। दोनों आज कर्मा पर्व के अवशेष को गंगा में बहाने पहुंची थी। इस दौरान बच्ची का पैर फिसल गया। बेटी को बचाने के प्रयास में मां ने नदी में छलांग लगा दी। दोनों गंगा नदी में डूब गए। घटना मनेर थाना क्षेत्र के खासपुर की है। दोनों की डूबने की सूचना पर लोगों की भारी भीड़ गंगा घाट किनारे जुट गई। वहां मौजूद लोगो ने मनेर पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही मनेर पुलिस और SDRF की टीम मौके पर पहुंची और दोनों की खोजबीन में जुट गई है।

**पैर फिसलने से हुआ हादसाः** मौके पर मौजूद खासपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि बोधनाथ ने बताया कि सुबह करीब 5 बजे मां लक्ष्मी देवी और उनकी बेटी खुशबू कुमारी कर्मा का अवशेष प्रवाहित करने के लिए गंगा घाट पहुंची थी। खुशबू का पैर फिसल गया और वह गंगा में डूबने लगी। अपनी बेटी को डूबता देख उसे बचाने के लिए लक्ष्मी देवी ने गंगा नदी में छलांग लगा दी, जिससे दोनों डूब गए।

मौके पर मौजूद ASI संजय पासवान ने बताया कि कर्मा का अवशेष गंगा में प्रवाहित करने के दौरान मां-बेटी डूब गई। SDRF की टीम मौके पर पहुंच शव की खोजबीन करने में जुट गई है।

संक्षिप्त समाचार

## देशी कट्टा व गोली सहित दो अपराधी गिरफ्तार

**चा० भूमि जयनगर।** जयनगर के इस्मालपुर में शनिवार को दो दुर्दांत अपराधियों के द्वारा लूट और डकैती की योजना बनाया जा रहा था। जिसकी सूचना जयनगर थाने को मिली, तभी जयनगर थानाध्यक्ष अंकुर कुमार ने मधुबनी पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार को उक्त सूचना दी गई। तभी पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जयनगर थाने की टीम के द्वारा त्वरित कारवाई करते हुए दोनों अपराधियों को जयनगर के इस्लामपुर टोल से आर्म्स सहित गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार दोनों अपराधियों का नाम- अरविंद कुमार, पिता- देवनारायण यादव, सा.- छपराढी, थाना- खजौली, दूसरा मो.आरिफ, पिता- फारूक, सा.- इस्लामपुर, थाना- जयनगर, जिला- मधुबनी बताया गया है। आगे बताते चलें कि उक्त दोनों अपराधियों का पूर्व से ही इनामी घोषित अपराधिक इतिहास रहा हैं। इन दोनों अपराधियों पर दर्जनों केस पहले से ही दर्ज है। बता दें कि दोनों के पास से छानबीन करने पर बरामद किया गया, देशी कट्टा- 1, देशी पिस्टल- 1, मोबाइल- 1, गोली 7.65mm की चार तथा गोली 8mm की दो मिली है। इन दोनों अपराधियों की गिरफ्तारी का मामला जिसकी दर्ज संख्या- 262/24, धारा- 25(1-बी)ए/26/35 आर्म्स एक्ट के तहत् प्राथमिकी दर्ज की गई और दोनों को जेल भेज दिया गया है।

## बीएलओ को मतदाता सूची में सुधार करने का दिया निर्देश

» जिस मतदान केंद्र पर 1500 या उससे अधिक मतदाता है,वहां एक सहायक मतदान केंद्र बनाना है

**चा० भूमि बगहा।** प्रखंड बगहा दो के सभागार भवन में शनिवार को अनुमंडल निर्वाची पदाधिकारी अभिनव कुमार की अध्यक्षता में 01 वाल्मीकिनगर व 04 बगहा विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ के के साथ बैठक किया।इस दौरान प्रखण्ड विकास पदाधिकारी विड्डु के कुमार राम, प्रखंड बीएलओ राजू और वाल्मीकीनगर व बगहा विधानसभा के सभी बीएलओ मौजुद रहें। बैठक के दौरान अनुमंडल निर्वाची पदाधिकारी ने सभी बीएलओ से बारी-बारी से निर्वाचन कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। अनुमंडल निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी बीएलओ को निर्देश दिया की जिस मतदान केंद्र पर 1500 या उससे अधिक मतदाता है,वहां एक सहायक मतदान केंद्र बनाना है। हालाकि इस बात का ध्यान रखना है कि गृह संख्या नहीं टूटे। सभी बीएलओ दो दिन के अंदर अपने-अपने कार्य क्षेत्र में घर-घर जाकर मतदाता सत्यापन कार्य करें तथा अपने लॉगिन आईडी से वेरिफाई करें। इस दौरान डीएसई (डेमोग्राफी सीमिलर एंट्री) में सुधार करें।उन्होंने कहा कि मतदाता एक परिवार को एक ही गृह संख्या में साथ रखना है। मतदान केंद्र का जहां जीर्ण-शीर्ण भवन है, वहां उस भवन को बदल देना है। मतदाता सूची के प्रथम पेज को हेड पेज कहते हैं। अगर उसमें दर्शायी गई बातों में कोई त्रुटि हो तो उसमें सुधार करना है।मतदाता सूची में नीचे दर्शायी गई पुरुष-महिला मतदाताओं की संख्या में कोई गड़बड़ी है तो उसमें सुधार करना है। साथ ही वोटर लिस्ट में अस्पष्ट मतदाताओं का फोटो, नाम में त्रृटि,गृह क्रमांक और पते में गलती हो तो उसे प्रपत्र भर कर ठीक करना है। बीडीओ ने कहा ने कहा कि सभी बीएलओ अधिक मतदाताओं वाले केंद्रों का हाउस टू हाउस सर्वे कार्य करने का निर्देश दिया साथ ही जिन मतदाताओं का मतदाता पहचान पत्र में फोटो की गुणवत्ता सही नहीं है,उसको भी इस दौरान ठीक करवा सकते हैं।।बीएलओ हाउस टू हाउस सर्वे के क्रम में फोटो को ठीक करने का भी निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले बीएलओ पर कार्रवाई भी की जाएगी मौके पर तमाम बीएलओ उपस्थित थें।

## ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर में एक की मौत

**चाणक्य भूमि।** लौरिया चनपटिया मुख्य मार्ग पर एक ट्रैक्टर एवं बाइक की टक्कर में बाइक सवार महिला की मौत हो गई जबकि उसके पति गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल पति को मौके पर पहुंची पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहाँ चिकित्सको ने गंभीर स्थिति को देखते हुए जीएमसीएच रेफर कर दिया। मृतक की पहचान गौनाहा थाने के मेघवल गांव के सुशील महतो की पत्नी उषा देवी के रुप में हुई है। सुशील महतो इलाजरत है। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके पर ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंचीं पुलिस ने बाइक एवं ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त कर थाने ले आई है। जानकारी के अनुसार बाइक सवार पति पत्नी गौनाहा से सिकटा थाने के गौचरी जा रहे थे तभी विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार से ट्रैक्टर ट्राली से दुर्घटना हो गई।

## हिन्दी दिवस पर निबंध प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**केसरिया, पू.च।** प्रखण्ड के कुण्डवा स्थित ऐकरा ऐकेडमी परिसर में हिन्दी दिवस पर बच्चो के बीच हिन्दी दिवस पर सुलेख, श्रुतिलेख और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिनमें उत्तीर्ण बच्चों को संस्थान के निदेशक तहसीन खान ने प्रमाण पत्र व उपहार देकर पुरस्कृत किया गया। सफल प्रतिभागी में दानिश रज़ा, अम्मार अहमद, मो. आतिफ, शमशीदा खातून, मो इरफ़ान, मो. इकबाल, प्रकाश कुमार, इकरा शमीम, नूर अफ्शा, मो. अरमान, कमरे आलम, मरियम खान, इंशा मुमताज़, अदीबा मुमताज, शाकीब शाह, रोहित कुमार, जासमीन खातून, ज़िकरा रहमान, खुशी कुमारी, मो. रिजवान, अल फहद रशीद, प्रिया कुमारी समेत कई बच्चे सामिल है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निर्देशक मो खान ने कहा कि अंग्रेजी के साथ हिंदी का ज्ञान भी आवश्यक है। हिन्दी हमारी मातृभाषा, राष्ट्रभाषा व राजभाषा है।मौके पर शिक्षक पशुराम यादव, मो अशफाक, महताब कासमी, छोटन सिंह, राकेश कुमार सोनी, नारायण गिरी, मो अबरारूल हक़, अकबर अली, रंजीत कुमार शर्मा, साकरा खातून, आरिफा खातून, आलिया रहमान, रिजवान समेत कई लोग उपस्थित थे।

## 190 लाभुकों को आवास योजना का मिलेगा प्रथम किस्त

**कोटवा।** प्रखंड क्षेत्र के 16 पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना के 190 लाभार्थियों को आवास योजना की प्रथम की शीघ्र मिलेगी ।वित्तीय वर्ष 2024 -25 में निर्धारित लक्ष्य 192 था ,जिसमें 190 लाभुकों का कागजी प्रक्रिया पूरा कर लिया गया है।साथ ही उनका आवेदन स्वीकृत कर उन्हें प्रथम किस्त 17 सितंबर तक उनके बैंक खाते में भेज दी जाएगी ।वही बताया गया कि निर्धारित लक्ष्य 192 था जिसमें 54 और 40 और बढ़ाया गया है ।उक्त जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी सरीना आजाद ने दी।

# सशस्त्र सीमा बल व फैंस क्रिकेट क्लब टीम के बीच क्रिकेट मैच

चा० भूमि मधुबनी



खेलो इंडिया थीम के बैनर तले 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल और फैंस क्रिकेट क्लब उमगांव के बीच एक रोमांचक और दोस्ताना क्रिकेट मैच का आयोजन उमगांव के खेल मैदान में किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य खेलों के प्रति जागरूकता फैलाना और जवानों व स्थानीय समुदाय के बीच खेल भावना को प्रोत्साहित करना बताया गया है।

इस मैच की शुरुआत एसएसबी के द्वारा टॉस जीतकर की गई, जहां उन्होंने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। एसएसबी की टीम ने अच्छी शुरुआत की और चुनौतीपूर्ण पारी को खेलते हुए 174 रनों पर ऑल आउट हो गई, उनकी ओर से सुभम सिंह ने शानदार 53 रन बनाए, जबकि फैंस क्रिकेट क्लब के गेंदबाजों ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया और फैंस क्रिकेट क्लब की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए जबरदस्त मुकाबला किया। और 06 विकेट खोकर 179 रन बनाकर मैच को 04 विकेट से जीत लिया। उनकी ओर से नरेश कुमार ने शानदार 60 रन की पारी खेली और इस मैच के मैन ऑफ द मैच भी घोषित हुये।

मैच के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने खेल भावना का जोरदार परिचय भी दिया और पूरे मैदान में दर्शकों का जोश भी दिखाई दिया और साथ ही खेल के अंत में पुरस्कार वितरण समारोह में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज और मैन ऑफ द मैच पुरस्कार दिए गए।

उप कमांडेंट विवेक ओझा सशस्त्र सीमा बल ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा, "खेलो इंडिया पहल के तहत् इस तरह के कार्यक्रम में किए गए खेल को बढ़ावा देने और जवानों व समाज के बीच भाईचारे की भावना को मजबूत करने का एक बेहतरीन माध्यम हैं, जिससे हम भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों को लगातार समर्थन देते रहेंगे।"

## विधायक ने दिलाई ग्रामीणों को भाजपा की सदस्यता

चा० भूमि मझौलिया



रविवार को चनपटिया विधायक उमाकांत सिंह ने अपने विधान सभा क्षेत्र तिरवाह स्थित बिरवा व बथना में ग्रामीणों को भाजपा की सदस्यता दिलाई।अपने सम्बोधन में विधायक ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और कार्यकर्ता ही सच्चे सिपाही एवं मेरुदण्ड है।भाजपा की सरकार सबका साथ सबका विश्वास और सबका विकास की राजनीति करती है।आज केन्द्र की मोदी सरकार जन जन की आवाज बन चुकी है।भाजपा की सदस्यता ग्रहण करना आत्मसम्मान एवं गौरव की बात है।इस अवसर पर सैकड़ों लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई गई।भाजपा की सदस्यता अभियान के अवसर पर राजेश उपाध्याय,प्रेम साह,रामेश्वर चौरसिया,सुखदेव पाल, मनमोहन तिवारी, रामधनी पटेल, अवधेश पाण्डेय,बिरेंदर यादव, बहादुर ठाकुर, मैनेजर प्रसाद,चन्द्रिका ओझा, भोला ओझा, मदन पटेल,सौरव कुमार हेमन्त मिश्र आदि उपस्थित थे।इस दौरान विधायक उमाकांत सिंह द्वारा जनता की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया।ग्रामीणों ने इस दौरान विधायक को बिजली, आवास योजना, नल जल योजना, भूमि संबंधि समस्या के बारे में जानकारी दी।तथा आवास योजना के तहत अवैध उगाही की बात कही।विधायक ने ग्रामीणों की समस्या से अवगत होते हुए जल्द निराकरण का भरोसा दिया।

## राजेंद्र राम ने कहा चंपारण से भाजपा का होगा सुपड़ा साफ

चा० भूमि बेतिया

आगामी विधानसभा चुनाव में चंपारण से भाजपा का सुपड़ा साफ होने वाला है। हमें बूथ लेवल पर संगठन को मजबूत करने की जरूरत है। तेजस्वी यादव जी के नेतृत्व में 17 माह में जितने रोजगार युवाओं को मिले। उतनी उपलब्धि 17 वर्षों में भी नहीं हो पाई है। कार्यकर्ता पार्टी के रीढ होते हैं। राजद पार्टी कार्यकर्ताओं को सम्मान देने का काम करती है। उक्त बातें पूर्व विधायक जिला संगठन प्रभारी राजेंद्र राम ने कही। वे नौतन विधानसभा के राजद कार्यकर्ताओं के बीच बोल रहे थे।

जिला अध्यक्ष साहेब हुसैन अंसारी और नौतन विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह जिला प्रधान महासचिव पूर्व जिप अध्यक्ष अमर यादव ने कहा कि हमें समाज के सभी वर्गों को लेकर चलना है। संगठन के मजबूती में सब की भागीदारी होनी चाहिए। ताकि आगामी विधानसभा चुनाव में सांप्रदायिक शक्तियों को परास्त किया जा सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता बैरिया प्रखंड अध्यक्ष हरिशंकर यादव ने किया।कार्यक्रम को जिला युवा अध्यक्ष संजय यादव, जिला उपाध्यक्ष इंजीनियर संजय कुशवाहा, सुरेंद्र मुखिया, आदि ने संबोधित किया।

## आवास और अनुदान के लिए माले करेगी आंदोलन

चा० भूमि मधुबनी



भाकपा माले मधुबनी जिला कमिटी की बैठक कलुआही में अवकाशप्राप्त कर्नल लक्ष्मेश्वर मिश्र के आवास पर जिला सचिव ध्रुव नारायण कर्ण की अध्यक्षता में की गई। इस बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा माले पोलित ब्यूरो के सदस्य सह मिथिलांचल प्रभारी धीरेंद्र झा ने कहा कि भाजपा के नीतीश राज में मिथिला लेबर सप्लाई जोन बन गया है और इलाके के सारे उद्योग धंधे एक- एक करके बंद हो गए तथा बाढ़/सुखाड़ की मार झेलने को जनता अभिशप्त है।

उन्होंने आगे बताया कि कोसी/मेची नदी जोड़ परियोजना से मिथिला, कोसी, पूर्णिया को कोई लाभ मिलने वाला नहीं है। एग्रो बेस्ड इंडस्ट्री, बाढ़/सुखाड़ का स्थाई निदान, अनगिनत सरकारी तालाबों का जीर्णोधार, वेट लैंड एरिया का डेवलपमेंट, दलितों व गरीबों के बच्चे की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की गारंटी, केंद्रीय विश्वविद्यालय का निर्माण आदि मुद्दे के साथ ही मिथिला का विकास हो सकता है। इस संदर्भ में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के द्वारा मिथिला विकास प्राधिकरण का प्रस्ताव लाना स्वागत योग्य कदम है।

उन्होंने कहा कि दलित/गरीबों के वास आवास और दो लाख रुपए की सहायता को लेकर बिहार सहित पूरे बिहार में आंदोलन भी चल रहा है। भाजपा की नीतीश सरकार का भ्रष्ट प्रशासन गरीबों को गरीबी का आय प्रमाण पत्र देने से मना कर रहा है। जिला सचिव ध्रुव नारायण कर्ण ने कहा कि बेनीपट्टी, कलुआही, राजनगर, जयनगर में प्रदर्शन हुए हैं और 23 सितंबर को मधवापुर को 28 सितंबर को लौकही और 30 सितंबर को हरलाखी, अंधराठाढ़ी, लखनौर में गरीबों का विशाल प्रदर्शन होगा। आइसा के राज्य नेता मयंक ने कहा कि मधुबनी में लाल झंडा आंदोलन की मजबूती में हम अपने आपको समर्पित करेंगे।

इस बैठक को अन्य लोगों के अलावे उत्तम पासवान, श्याम पंडित, कामेश्वर राम, योगनाथ मंडल, शांति सहनी, विश्वंभर कामती, मदनचंद्र झा, महाकांत यादव, योगेंद्र यादव ने भी संबोधित किया।

## एस एस स्वास्थ्य केन्द्र भोगाड़ी का हुआ उद्घाटन

चाणकय भूमि मझौलिया



रविवार को चर्चित तिरवाह क्षेत्र स्थित भोगाड़ी में एस एस स्वास्थ्य केन्द्र का प्रशिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ एन एन शाही चनपटिया विधायक उमाकांत सिंह ने संयुक्त रुप से फीता काटकर उद्घाटन किया।अपने संबोधन में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ एन एन शाही ने कहा कि वर्षों पूर्व तिरवाह का इलाका काफी पिछड़ा था।सड़क बिजली और चिकित्सा के लिए यहां के लोग तरसते थे। लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व में पिपरपाती पुल का निर्माण हुआ।जिससें तिरवाह का इलाका काफी बेसकीमती इलाका हो गया है।सड़क बिजली शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है।इस इलाके में इस तरह की अस्पताल का खुलना इस क्षेत्र के लोगों के लिए सबसे बड़ी देन है।वही चनपटिया विधायक उमाकांत सिंह ने कहा कि वर्षों पूर्व तिरवाह इलाके के मरीजों को चारपाई पर लादकर प्रखंड मुख्यालय ले जाना पड़ता था।चिकित्सकों का घोर अभाव था।बाढ़ के समय में कई मरीज इलाज के अभाव में दम तोड़ देते थे।उन्होंने अस्पताल के संचालक को साधुवाद देते हुए जमकर तारीफ की।डॉ शमीम अख्तर ने कहा कि मरीजों की सेवा करना सच्ची मानव सेवा है।यह अस्पताल तिरवाह वासियों के लिए सौगात की समान है।अस्पताल के संचालक डॉ महम्मद सुरुरुद्दीन ने बताया कि इस अस्पताल में आईसीयू,एनआईसीयू,वार्ड बी,वार्ड जी,ओटी सहित सभी प्रकार के जांच एवं एक्सरे की सुविधा मरीजों के लिए उपलब्ध रहेगी।गरीब और असहाय मरीजों को निशुल्क चिकित्सा प्रदान की जाएगी।इस अवसर पर पार्षद मुहम्मद जियाउद्दीन, डॉ तबस्सुम जहाँ, डॉ अजहर आलम,पूर्व पार्षद भोला देवान,अधिवक्ता मुहम्मद रुकमुद्दीन,इजहार हुसैन, इरशाद आलम,मुहम्मद एहशान, असरफ अली,हैदर अली, फिरोज देवान,असरफी यादव, बिरेंदर यादव, जयप्रकाश कुमार, लालजी साह आदि उपस्थित थे।

## गौनाहा में फ्री मेडिकल कैंप का किया गया आयोजन

चा० भूमि गौनाहा



» शाहिद परवेज के पहल से सैकड़ो मरीजों का निशुल्क जांच कर दी गई दवाइया

गौनाहा प्रखंड में पहली बार ऑर्थोपेडिक यानी हड्डी, जोड़ एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉक्टर वसीम अकरम के द्वारा गौनाहा परसा में शाहीद प्रवेज़ के मकान में फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें हड्डी, नस के रोग विशेषज्ञ द्वारा संबंधित सभी बीमारियों का मुफ्त जांच, इलाज एवं परामर्श कर फ्री में दवा दिया गया। बताते चलें के डॉक्टर वसीम अकरम ऑर्थो रोग से संबंधित होली फैमिली हॉस्पिटल दिल्ली में पिछले 7 सालों से अपना सेवा दे चुके हैं। उसके बाद कई महीनो से अपना निजी क्लीनिक हॉस्पिटल रोड नरकटियागंज में चलाते है। जिसमे सप्ताह के तीन दिन गरीब, मजबूर लोगों के बीच मुफ्त सेवा प्रदान करते है।

प्रखंड मुख्यालय के स्थानीय पंचायत में पहली बार इस तरह की बीमारियों से संबंधित इलाज के लिए मुफ्त कैंप का आयोजन होने से काफी लोगों को लाभ हो रहा है। डॉ वसीम अकरम ने बताया कि मेरा उद्देश्य लोगों का सेवा करना है, सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में जहां पैसे व संसाधन के अभाव में लोग इस तरह के जटिल बीमारियों का इलाज नहीं करा पाते हैं। मैं उन क्षेत्र के एक-एक गांव में पहुंचकर फ्री कैंप के माध्यम से सेवा प्रदान करूंगा, जिससे गरीब, लाचार, मजबूर लोगों को मुझसे फायदा पहुंच सके। उन्होंने बताया कि मेरे फैमिली में बहुत लोग डॉक्टर हैं मेरे पापा शुरू से ही गरीबों की मदद करते आ रहे हैं सेवा की भाव से हमने फ्री मेडिकल कैंप लगाकर गरीब मजबूर लोगों का फ्री में इलाज कर रहा हूं, और आगे भी करता रहूंगा।

इस मौके पर समाजसेवी शाहिद प्रवेज, शब्बीर फरीद व इलाज कराने आए अनेकों मरीज उपस्थित रहे।

# बापू के कर्म भूमि चंपारण से होंगा हाको रथ हम पान है रथ रवाना - राष्ट्रीय अध्यक्ष

चा० भूमि मोतिहारी



» मोतिहारी में अखिल भारतीय पान महासंघ का बैठक आयोजित

**मोतिहारी।** मोतिहारी के बरियारपुर में स्थित मंगलम विवाह भवन में रविवार को अखिल भारतीय पान महासंघ का बैठक आयोजित किया गया ।अध्यक्षता अखिल भारतीय पान महासंघ के जिलाध्यक्ष हरिहर दास ने की। मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय पान महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष आई.पी. गुप्ता एवं बिहार प्रदेश अध्यक्ष राम सकल दास उपस्थित रहे। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे ही पान समाज के लोगों द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष को फूल माला और अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा है हम अपने समाज के हक अधिकार की लड़ाई की शुरुआत बापू की कर्म भूमि चंपारण से करने जा रहे हैं। बापू का आश्रम बीजधारवा से हम अपनी हाको रथ हम पान है की शुरुआत करेंगे।आगे राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार हमसे आरक्षण छीनी है इसको लेकर हम हाथ पर हाथ रखकर बैठने वालो में नही है।हमारी बेटी बहनों की इज्जत लूटी गई,हमारे लोगो की हत्या की गई लेकिन हमारे समाज के लोग कभी रोड़ जाम नही किया।हमारे लोगो को मानसिक रूप गुलाम बना दिया गया है। हमारा हाको रथ हम पान है पूरे बिहार का भ्रमण करेगा जहा जहा पान समाज के लोग हैं उनसे मिलेंगे और समाज को अपना हक अधिकार के लिए जागरूक करेंगे। सरकार जब तक हमारे हक अधिकार को दे नही देती तब तक हमारी लड़ाई जारी रहेंगी।कार्यकम को प्रदेश अध्यक्ष रामसकल दास,गोपालगंज जिलाध्यक्ष वीरेंद्र पान,युवा प्रदेश अध्यक्ष दिनेश दास,चंदेश्वर कुमार दास, ददन प्रसाद, ननकू दास,लालबिहारी दास आदि ने संबोधित किया।मौके पर मनीष दास,आनंद दास, अरबिंद दास,अजय दास,सुखल दास,अमलेश दास,राजेश्वर कुमार,उपेंद्र दास,रामायण कुमार, चंद्रिका दास,अनिल दास,रामबिहारी दास सहित बड़ी संख्या लोग मौजूद रहे।

## वेद विद्यालय में मनाया गया स्वच्छता पखवाड़ा



चा० भूमि मोतिहारी

महर्षिनगर स्थित आर्षविद्या शिक्षण प्रशिक्षण सेवा संस्थान-वेद विद्यालय में 01 सितम्बर से 15 सितम्बर तक आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा के समापन के अवसर पर रविवार को प्राचार्य सुशील कुमार पाण्डेय ने विद्यालय के समस्त शिक्षकों व छात्रों को स्वच्छता रखने की शपथ दिलाई और इसके अलावा अपने विद्यालय परिसर,कक्षाओं,छात्रावास कक्ष,शौचालय आदि के साथ अपने आसपास के सभी जगहों को साफ रखने के लिए प्रोत्साहित किया।उन्होंने स्वच्छता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह शारीरिक,मानसिक तथा आत्मिक शुद्धता को बढ़ावा देती है और अच्छे चरित्र का निर्माण करती है। पखवाड़े का उद्देश्य छात्रों में स्वच्छता एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। इस अवसर पर शिक्षकों व छात्रों ने विद्यालय के आसपास सड़कों की सफाई करते हुए जागरूकता अभियान भी चलाया। इसके अतिरिक्त छात्रों के बीच विभिन्न प्रतियोगितायें आयोजित की गयी।मौके पर कृष्ण कुमार,राकेश तिवारी,सुधीर दत्त पाराशर,विकास पाण्डेय,रुपेश कुमार ओझा,राजन पाण्डेय,कुन्दन पाठक,सुजीत मिश्रा,प्रदीप कुमार,उपेन्द्र पाण्डेय,डा. नितेश कुमार,राजीव तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# युवा भारतीय खिलाड़ी सरफराज खान और ध्रुव जुरेल ने रोहित शर्मा की कप्तानी को सराहा

एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने जा रही है। पहला मैच 19 सितंबर से चेन्नई में, जबकि दूसरा मैच 27 सिंतबर से कानपुर में खेला जाएगा। सीरीज की शुरुआत से पहले टीम के युवा खिलाड़ी सरफराज खान एवं ध्रुव जुरेल ने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की तारीफ की है। एक इंटरव्यू के दौरान सरफराज ने कहा कि वह (रोहित शर्मा) बहुत अलग हैं, आपको सहज महसूस कराते हैं। हमारे लिए वह बड़े भाई जैसे हैं। उनके साथ खेलना में बहुत मजा आता है। मैंने उन्हें बाहर से पहली बार देखा था और आज मैं उनके साथ खेल रहा हूं। उनके साथ खलते हुए ऐसा नहीं लगता आप जूनियर हैं। वह हर किसी को बराबर समझते हैं। सरफराज ने आगे कहा कि मेरी फेवरेट मूवी लगान है। फिल्म में आमिर खान ने जिस तरह से अपनी टीम को बनाया, वैसे रोहित भाई मुझे उसकी याद दिलाते हैं। मेरे लिए, वे लगान के आमिर खान हैं। उनके साथ परिवार जैसा महसूस होता है। विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने रोहित शर्मा की बल्लेबाजी शैली को लेकर उनकी सराहना की। जुरेल ने कहा कि जब टीवी पर उनको खेलते देखते थे, लोग कहते थे कि उनके पास शॉट खेलने के लिए काफी समय होता है, लेकिन जब आप करीब से खेलते देखते हैं तो आपको पता चलता है कि जिस बॉल पर हम संघर्ष करते हैं बल्ला सही से नहीं आता, वो आराम से शॉट मार देते हैं। उनका पुल शॉट काफी प्रसिद्ध है। ऐसी चीजों को करीब से देखना काफी विशेष है। जब भी उनके साथ खेलता हूं, बहुत अच्छा महसूस कराते हैं। वह ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम हैं। इस साल की शुरुआत में सरफराज और ध्रुव जुरैल ने रोहित की कप्तानी में ही टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। दोनों बल्लेबाजों को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया था। सरफराज ने तीन मैचों में 200 रन बनाए थे जिसमें तीन अर्धशतक शामिल थे। वहीं जुरेल ने 190 रन बनाए थे, जिसमें एक 90 रन की शानदार अर्धशतकीय पारी भी शामिल थी। सरफराज और जुरेल को अब बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मैच के लिए 16 सदस्यीय भारतीय टीम में जगह मिली है।



# भारत-बांग्लादेश कानपुर टेस्ट : ऐतिहासिक मैनुअल स्कोरबोर्ड का नहीं होगा इस्तेमाल

एजेंसी, कानपुर




भारत और बांग्लादेश के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज 19 सितंबर से होने जा रहा है। पहला मैच चेन्नई में, जबकि दूसरा मैच यहां कानपुर में खेला जाएगा। कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में 27 सितम्बर से दूसरा टेस्ट मैच होगा। इसकी तैयारियां इन दिनों जोरों पर है, पर लोगों की निगाहें यहां पर बने ऐतिहासिक मैनुअल स्कोरबोर्ड पर है। अबकी बार इस स्कोर बोर्ड पर खिलाड़ियों के नाम और रन नहीं दिखाई देंगे। ग्रीन पार्क में इससे पहले विश्व क्रिकेट की सभी बड़ी टीमों के मैच का गवाह ग्रीनपार्क स्टेडियम में स्थापित स्कोर बोर्ड रहा है जिसकी प्रशंसा यहां पर खेल चुकी सभी देश की टीमों के कप्तान और उनका प्रबंधन कर चुका है। यही नहीं इस स्कोर बोर्ड की प्रशंसा आईसीसी के पूर्व सीईओ व पूर्व क्रिकेटर डेव रिचर्डसन ने भी की थी। साल 2000 में टेस्ट टीम का दर्जा पायी बांग्लादेश की टीम नगर में पहली बार खेलने आ रही है। कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में आगामी 27 सितम्बर से एक अक्टूबर के बीच भारत और बांग्लादेश की टीम आमने-सामने होंगी। स्टेडियम में खेले जाने वाले 24वें अंतरराष्ट्रीय टेस्ट मैच के लिए तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गईं हैं। ग्राउंड से लेकर दर्शकों के बैठने की व्यवस्था व एंट्री का ब्लू प्रिंट तैयार कर लिया गया है। फ्लड लाइट से लेकर ब्रॉडकास्टर के कैमरों के सेटअप की भी रिहर्सल हो चुकी है। हालांकि इस मैच में ग्रीन पार्क में जो अधूरा-अधूरा नजर आएगा, वह होगा ऐतिहासिक मैनुअल स्कोर बोर्ड का ना होना। ग्रीनपार्क में होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में सिर्फ डिजिटल स्कोर बोर्ड का प्रयोग किया जाएगा, जबकि अभी तक के अंतरराष्ट्रीय टेस्ट मैचों में डिजिटल के साथ-साथ मैनुअल स्कोर बोर्ड का भी इस्तेमाल होता रहा है। मैच के दौरान यह स्कोर बोर्ड भी एक आकर्षण का केंद्र रहता था। इसे दुनिया का सबसे बड़ा मैनुअल स्कोर बोर्ड माना जाता रहा है। इसे 1952 में एसएम बशीर व जगजीत सिंह ने बनाकर तैयार किया था, जबकि 1957 से अंतरराष्ट्रीय मैचों में इसका प्रयोग पहली बार किया गया था। ग्रीन पार्क के स्कोर बोर्ड को ऐसे ही ऐतिहासिक स्कोर बोर्ड नहीं कहा जाता है। इस स्कोर बोर्ड में दोनों टीम के खिलाड़ियों के नाम के साथ-साथ अंपायर के नाम भी लिखे जाते थे। इसके अलावा रन रेट और लाइव स्कोरिंग की सुविधा भी मौजूद थी।

# डायमंड लीग फाइनल में 1 सेंटीमीटर से चूके नीरज चोपड़ा

## दूसरे स्थान पर रहे




एजेंसी, नई दिल्ली

ब्रसेल्स में डायमंड लीग के फाइनल में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में 87.86 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ भारत के स्टार भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा दूसरे स्थान पर रहे। वे इस प्रतियोगिता में लगातार दूसरी बार दूसरे स्थान पर रहे। इस बार वे खिताब हासिल करने में महज एक सेंटीमीटर से चूक गए। प्रतियोगिता के विजेता एंडरसन पीटर्स ने 87.87 मीटर थ्रो किया। दो बार के विश्व चैम्पियन ग्रेनाडा के पीटर्स ने पहले ही प्रयास में सर्वश्रेष्ठ थ्रो फेंका। जर्मनी के जूलियन वेबर 85.97 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे। टोकियो ओलंपिक चैम्पियन चोपड़ा ने पिछले महीने पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीता था।

# एशियन चैंपियंस ट्रॉफी : भारत ने पाकिस्तान को 2-1 से हराया

एजेंसी, हुलुनबुइर



मौजूदा चैंपियन भारतीय पुरुष हॉकी टीम का एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में शानदार प्रदर्शन जारी है। भारतीय टीम ने यहां शनिवार को अपने आखिरी ग्रुप चरण मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 2-1 से हरा दिया। मैच में भारत की ओर से कप्तान हरमनप्रीत सिंह (13वें, 19वें मिनट) ने दोनों गोल दागे जबकि पाकिस्तान की ओर से एक मात्र गोल नदीम अहमद (8वें मिनट) ने किया। भारत की यह इस टूर्नामेंट में लगातार पांचवीं जीत है। भारतीय टीम पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। अब टीम सोमवार को सेमीफाइनल 2 खेलेगी। टूर्नामेंट का फाइनल 17 सितंबर को खेला जाएगा। मैच में पाकिस्तान ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहला गोल किया। आठवें मिनट में नदीम अहमद ने पाकिस्तान के लिए पहला गोल किया और 1-0 की बढ़त ले ली। हालांकि भारतीय टीम ने वापसी की और 13वें मिनट में कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने बराबरी का गोल किया। अंतिम मिनटों में काफी संघर्ष देखने को मिला लेकिन कोई भी टीम मौके नहीं बना सकी और पहला क्वार्टर 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। भारतीय टीम ने दूसरे क्वार्टर की शानदार शुरुआत की और 19वें मिनट में एक बार फिर कप्तान हरमनप्रीत ने गोल कर भारतीय टीम को 2-1 से आगे कर दिया। पहले हाफ तक भारतीय टीम 2-1 से आगे रही। तीसरे क्वार्टर में दोनों टीमों ने गोल करने की कोशिश की लेकिन कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। पाकिस्तान ने कई पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए लेकिन भारतीय गोलकीपर कृष्ण पाठक ने पाकिस्तान को बराबरी का गोल करने से रोक दिया और क्वार्टर का अंत 2-1 की बढ़त के साथ किया। भारत ने अंतिम क्वार्टर की शुरुआत में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए लेकिन पाकिस्तान के डिफेंस ने रोक दिया। इसके बाद आखिरी क्षणों में पाकिस्तानी खिलाड़ी राना वहीद को यलो कार्ड मिला और पाकिस्तान को 10 खिलाड़ियों के साथ आखिरी 10 मिनट खेलना पड़ा।

## व्यापार

# सर्राफा बाजार में तेजी से महंगा हुआ सोना, चांदी की भी बढ़ी चमक

### पिछले 1 सप्ताह में 2 हजार रुपये महंगा हुआ सोना

एजेंसी, नई दिल्ली



घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार दूसरे दिन तेजी नजर आ रही है। इस कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 75 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के ऊपर या काफी करीब पहुंच कर कारोबार कर रहा है। सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 75,040 रुपये से लेकर 74,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 68,800 रुपये से लेकर 68,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। पिछले 7 दिनों में सोने की कीमत में अभी तक करीब 2,000 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी आ गई है। इसी तरह पिछले 1 सप्ताह में चांदी के भाव में भी 7,500 रुपये प्रति किलोग्राम तक का इजाफा हो चुका है। सिर्फ कल से लेकर आज तक में ही चांदी 2,400 रुपये प्रति किलोग्राम तक महंगा हुआ है। कीमत में आए उछाल के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में आज चांदी की कीमत 92,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 75,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 68,800 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 74,890 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 68,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 74,940 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 68,700 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 74,890 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 68,650 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 74,890 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 68,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर आ गया है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 75,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 68,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 74,940 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 68,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 75,040 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 68,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 74,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 68,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# मालदीव के मंत्रियों ने मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना स्थल का दौरा किया

### एफकॉन्स ने भारत आए मालदीव के मंत्रिस्तरीय प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी की

एजेंसी, मुंबई/नई दिल्ली



मालदीव गणराज्य के निर्माण और अवसंरचना मंत्री डॉ. अब्दुल्ला मुथथलिब के नेतृत्व में मालदीव के वरिष्ठ मंत्रिस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने मुंबई में मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल परियोजना का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल ने मुंबई में निर्माणाधीन भारत की पहली अंडरसी टनल से जुड़ी हाई स्पीड रेल सी-2 पीकेजी का दौरा किया है। ये प्रतिनिधिमंडल भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के साथ विचार-विमर्श कर रहा है। एफकॉन्स ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि मालदीव के मंत्रियों का प्रतिनिधिमंडल ने मुंबई में निर्माणाधीन मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के एक हिस्से का दौरा किया है। इस परियोजना का निर्माण इंजीनियरिंग कंपनी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड द्वारा नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के लिए किया जा रहा है। इस परियोजना में 21 किलोमीटर लंबी सुरंग शामिल है, जिसमें भारत की पहली अंडरसी हाई स्पीड रेल सुरंग (7 किलोमीटर) भी है। कंपनी ने बताया कि इस प्रतिनिधिमंडल में मालदीव के निर्माण एवं अवसंरचना राज्य मंत्री इब्राहिम थोआम मोहम्मद, निर्माण एवं अवसंरचना राज्य मंत्री इस्माइल हमीद, रणनीतिक संचार निदेशक अब्दुल्ला मिउवन शरीफ और मोहम्मद जिनान सईद शामिल थे। वहीं, भारत की ओर से मालदीव में भारत के उच्चायुक्त मुनु महावर, राष्ट्रीय हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन के मुख्य परियोजना प्रबंधक उदय प्रकाश सिंह और परियोजना निदेशक सुनील त्यागी के नेतृत्व में एफकॉन्स टीम के साथ प्रतिनिधिमंडल में शामिल हुए, जिन्होंने निर्माण की बारीकियों के बारे में बताया। उल्लेखनीय है कि एफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड शापूरजी पल्लोनजी समूह की एक अग्रणी इंजीनियरिंग और निर्माण कंपनी है। ये कंपनी मुख्य तौर पर इंफ्रास्ट्रक्चर इंजीनियरिंग और निर्माण का कार्य करती है। इसकी छह दशकों से अधिक की विरासत है, जिसमें भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई तकनीकी रूप से जटिल ईपीसी परियोजनाओं को निष्पादित करने का मजबूत ट्रैक रिकॉर्ड है। ईएनआर सर्वेक्षण 2023 के अनुसार एफकॉन्स भारत की सबसे बड़ी अंतरराष्ट्रीय इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनियों में से एक है, जो मरीन और पोर्ट्स निर्माण में 10वें और ब्रिज में 12वें स्थान पर है।

# जुलाई में ईएसआईसी से 22.53 लाख नए कर्मचारी जुड़े

एजेंसी, नई दिल्ली






इस साल जुलाई में कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने 22.53 लाख नए ग्राहक जोड़े जो एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले 13.32 प्रतिशत अधिक हैं। श्रम मंत्रालय की तरफ से जारी पेरोल आंकड़ों से पता चलता है कि जुलाई 2023 में 19.88 लाख नए ग्राहक ईएसआईसी से जुड़े थे। ईएसआईसी के अस्थायी पेरोल आंकड़ों के मुताबिक इस साल जुलाई में 22.53 लाख नए कर्मचारी जुड़े हैं। आधिकारिक बयान के मुताबिक समीक्षाधीन महीने में 56,476 नए प्रतिष्ठानों को ईएसआई योजना के सामाजिक सुरक्षा दायरे में लाया गया है। आंकड़ों से पता चलता है कि आलोच्य महीने में जुड़े कुल 22.53 लाख कर्मचारियों में से 10.84 लाख कर्मचारी 25 वर्ष तक के आयु वर्ग के थे। यह संख्या कुल पंजीकरण का लगभग 48 प्रतिशत है। पेरोल आंकड़े का विश्लेषण दर्शाता है कि जुलाई में महिला सदस्यों का शुद्ध पंजीकरण 4.65 लाख था जबकि 71 ट्रांसजेंडर कर्मचारियों ने भी ईएसआई योजना के तहत पंजीकरण कराया।

# आरबीआई ने कहा-16 की बजाय 18 सितंबर को होगी ईद-ए-मिलाद की छुट्टी

एजेंसी, मुंबई/नई दिल्ली

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने 16 सितंबर को घोषित सार्वजनिक अवकाश निरस्त कर दिया है। अब मुंबई शहर और मुंबई उपनगरीय जिलों में स्थित आरबीआई के सभी कार्यालय ईद-ए-मिलाद पर्व के उपलक्ष्य में 18 सितंबर 2024 को बंद रहेंगे। इसके साथ ही इस दिन सरकारी प्रतिभूतियों, विदेशी मुद्रा और मुद्रा बाजारों में भी कोई लेन-देन और निपटान नहीं होगा। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने शनिवार को जारी एक बयान में बताया कि पैगम्बर मुहम्मद के जन्म के अवसर पर मनाई जाने वाली ईद-ए-मिलाद अब 18 सितंबर को मनाई जाएगी। आरबीआई के मुताबिक अब सरकारी प्रतिभूतियों, विदेशी मुद्रा और मुद्रा बाजारों में कोई लेन-देन और निपटान 18 सितंबर को नहीं होगा। इसके साथ ही मुंबई शहर और मुंबई उपनगरीय जिलों में स्थित आरबीआई के सभी कार्यालय भी बंद रहेंगे। आरबीआई के मुताबिक महाराष्ट्र सरकार ने परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 की धारा 25 के तहत 18 सितंबर को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। पहले 16 सितंबर को घोषित सार्वजनिक अवकाश को रद्द कर दिया गया है। ऐसे में सरकारी प्रतिभूति बाजार, विदेशी मुद्रा बाजार, मुद्रा बाजार और रुपया ब्याज दर डेरिवेटिव बाजार अब 16 सितंबर को चालू रहेंगे।

# फेड के ब्याज दर पर फैसले, वृहद आर्थिक आंकड़ तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी, मुंबई



इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों की दिशा अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर फैसले से तय होगी। इसके अलावा वैश्विक मोर्चे पर कई वृहद आर्थिक आंकड़े और विदेशी निवेशकों की गतिविधियां भी बाजार को दिशा देंगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। भारतीय शेयर बाजार के लिए बीता सप्ताह काफी उल्लेखनीय रहा। गुरुवार को निफ्टी और सेंसेक्स दोनों अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गए। उसी दिन बीएसई के 30 शेयरों वाले सेंसेक्स ने पहली बार 83,000 अंक के स्तर को पार किया। बाजार के विश्लेषकों ने कहा कि इस सप्ताह साल का सबसे महत्वपूर्ण घटनाक्रम होने जा रहा है। फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक 18 सितंबर को होगी। यह लगभग तय है कि इससे ब्याज दर में कटौती चक्र की शुरुआत होगी। अमेरिका में आम सहमति ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती को लेकर है। हालांकि कुछ बाजार भागीदार ब्याज दर में आधा प्रतिशत कटौती की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह का कदम वैश्विक बाजारों के लिए एक महत्वपूर्ण सकारात्मक संकेतक होगा, खासकर भारत जैसे उभरते बाजारों के लिए। इससे डॉलर कमजोर होगा और अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल में कमी आएगी, जिससे भारतीय शेयर बाजारों में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) का प्रवाह बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा जापान के मुद्रास्फीति आंकड़े शुक्रवार को आने हैं, जिसके बाद बैंक ऑफ जापान (बीओजे) की मौद्रिक नीति की घोषणा होगी।उन्होंने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशकों का प्रवाह, भू-राजनीतिक घटनाक्रम और कच्चे तेल के दाम भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेंगे।

# कचरों के ढेर पर "स्वच्छता ही सेवा 2024" मनाने जा रहा हैं प्रशासन

चाणक्य भूमि के लिए सुनील दुबे की कलम से

बेतिया नगर निगम प्रशासन बड़े ही ताम झाम से सरकार के निर्देशानुसार 17 सितंबर से गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा कैम्पेन का आयोजन करने जा रहा है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ 17 सितंबर यानि विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर बेतिया के महाराजा स्टेडियम में प्रातः सात बजे सैकड़ों की संख्या में नगरवासियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में उद्घाटन होगा। इस अवसर पर नगर प्रशासन द्वारा स्वच्छता ही सेवा का पाठ तो पढ़ाया ही जायेगा साथ ही "स्वच्छता ही सेवा का" उपस्थित जनों को शपथ भी दिलाया जाएगा । इस अवसर पर खुद स्वच्छ रहे, अपने घरों को स्वच्छ रखें अपने गली मोहल्ले को भी स्वच्छ रखें तथा नगर प्रशासन को स्वच्छता के लिए किए जा रहे कार्यों में अपना सहयोग प्रदान करें, इसकी अपील भी की जाएगी।

स्वच्छता शपथ के उपरांत महाराज स्टेडियम से कलेक्ट्रेट चौक तक स्वच्छता पदयात्रा भी किया जाएगा । स्वाभाविक है कि स्वच्छता कार्यक्रम के इस अवसर पर अधिकारियों पदाधिकारी कर्मियों एवं आम नागरिकों के द्वारा भी सफाई कार्य भी किये जा सकते हैं । विभागीय निर्देशानुसार आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति आकर्षित एवं जागरूक करने के लिए मानव श्रृंखला भी आयोजित किया जाएगा । पखवाड़े भर (एक पखवाड़े से अधिक 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक) नगर निगम प्रशासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करना है । इन कार्यक्रमों में स्वच्छता के प्रति जन जागृति लाने के लिए जागरूकता रैली, छात्र छात्राओं में जागृति के लिए स्वच्छता विषय से संबंधित विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आदि कार्यक्रमों को संचालित करना है ।

» नगर आयुक्त शंभू कुमार ने वार्ड 26 की समस्या के बारे मे कहा कि पहले ऐसी परेशानियों के लिये भाड़े पर ट्रैक्टर लिया जाता था जिसपर बोर्ड ने रोक लगा दी है परंतु आवेदन के आलोक में जल्द ही वयवस्था की जायेगी

स्वाभाविक है कि सरकार का निर्णय है, विभागीय निर्देश प्राप्त है तो नगर निगम प्रशासन को इन कार्य को आयोजित करना ही होगा । लेकिन इस स्वच्छता ही सेवा कैंपेन में जो भी कार्यक्रम आयोजित होगा यू समझिए कि कचरे के ढेर पर ही होगा। स्वच्छता के मामले में बेतिया नगर निगम की हालत अच्छी नहीं है । कचरो का अंबार कोई भी अगर देखना चाहे तो वह



शंभू कुमार



नगर भ्रमण कर सकता है । कई वार्ड के अंतर्गत की गलियों, खाली जगहो नालियों में कचरा ताकते निहारते दिखाई पड़ जाएंगे । बसवरिया देवनगर जगदंबा नगर नया टोला खिरिया घाट ऐसे आने को मोहल्ले नजर आएंगे जहां स्वच्छता की कहानी रोती हुई दिखाई पड़ेगी ।

सरकार का यह अभियान काबिले तारीफ जरूर है लेकिन दुर्भाग्य यह भी है कि वार्ड नंबर 26 अपनी सफाई करने कराने के लिए नगर प्रशासन की चौखट पर दस्तक पर दस्तक लगभग 2 महीने से दे रहा है, लेकिन इस वार्ड की साफ सफाई के ट्रैक्टर उपलब्ध कराने के लिए नगर प्रशासन नीतियों का हवाला देते हुये सुनने समझने के लिए तैयार नहीं है । वार्ड नंबर 26 के लिए नगर निगम प्रशासन द्वारा कचरो का उठाव करने के लिए आवंटित ट्रैक्टर ट्रेलर का ट्रैक्टर लगभग दो माह से खराब पड़ा हुआ है । जिस कारण से वार्ड के अंतर्गत के कूड़े कचरो का बेहतर तरीके से उठाव नहीं किया जा रहा है । वार्ड के अंतर्गत के संवेदनशील नागरिकों ने नगर प्रशासन का इस विषय पर विभिन्न माध्यमों से ध्यान आकृष्ट कराया गया । यही नहीं वार्ड के नगर पार्षद सुशील कुमार गुप्ता ने नगर निगम के आयुक्त को एक लिखित आवेदन पत्र दिया, आवेदन पत्र के माध्यम से उन्होंने नगर आयुक्त को अवगत कराया की 45 दिनों से वार्ड में कचरो का उठाव करने वाला ट्रैक्टर खराब हालत में पड़ा हुआ है । उन्होंने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि, नगर निगम की इंजीनियर की माने तो ट्रैक्टर अभी बनाने वाला नहीं है। नगर वार्ड पार्षद श्री गुप्ता ने अपनी आवेदन में नगर वासियों की हो रही दर्द को अपनी लेखनी में झलकाया, उन्होंने लिखा है कि मेरे वार्ड में कूड़े कचरो का अंबार लगा हुआ है । जनहित में एवं स्वास्थ्य की दृष्टि से नगर प्रशासन से उन्होंने गुहार लगाते हुए कहा है कि, जब तक नगर निगम का ट्रैक्टर ठीक नहीं हो जाता है तब तक भाड़े के ट्रैक्टर का ही व्यवस्था किया जाए । स्वच्छता के प्रति वार्ड नंबर 26 के निवासियों के प्रदूषण ग्रसित होने से, स्वास्थ्य के प्रति उन कूड़े कचरो का बुरा असर न पड़े, प्रशासन मौन साधे हुए हैं ।

यही नहीं श्री गुप्ता के आवेदन को कई नगर पार्षदों ने भी अनुशंसा करते हुए अपना हस्ताक्षर किया हैं । बावजूद ना तो अभी विकल्प रूप में कोई व्यवस्था की गई और ना ही खराब पड़ी ट्रैक्टर को ही बनवाया जा सकता है । नतीजतन कूड़े कचरो के आलम में वार्ड नंबर 26 के लोग जीने को मजबूर है । और इस व्यवस्था पर ही सरकार की विभागीय निर्देशालोक में बेतिया नगर निगम प्रशासन 17 सितंबर (विश्वकर्मा पूजा) से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिवस 2 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता ही सेवा कैंपेन का आयोजन पदाधिकारी कर्मियों की उपस्थिति में होगा ।

# पोखरे में डूबने से छह वर्षीय बच्चें की हुई मौत

चा० भूमि बगहा

बथवरीया थाना नव गांवा पोखरा के समीप एक बच्चें के शव मिला है । मृतक की पहचान मनीब आलम का छह वर्षीय पुत्र वसीर आलम के रूप मे हुई है। मृत बच्चें के परिजन जुल्फकार आलम ने बताया कि गांव के बच्चो के साथ खेलने के लिए गया हुआ था। जब घर वापस नहीं आया तो हम लोग आस पास के गांव खोज बिन करने लगे। कहीं पता नहीं चल रहा था। किसी ने सूचना दिया कि गांव के ही पोखर के समीप एक मृत अवस्था में बालक का शव पड़ा हुआ है। जब हमलोग वहीं पहुंचे तो दंग रह गए।

इसके बाद हम लोग बथवरीया थाना को सूचना दिया गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चें के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भेजा।

इस मामले में बथवरीया थानाध्यक्ष ने बताया कि परिजनों के द्वारा थाना में आवेदन प्राप्त हुआ है। जिसमें उन्होंने लिखा है की पोखरे में स्नान करने के दौरान गहरे पानी में जाने से उसकी मौत हो गई है।







# ब्राह्मण समाज ने किया केंद्रीय मंत्री का सम्मान

चा० भूमि बगहा

जिला के ब्राह्मण समाज के द्वारा केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया। बनकटवा स्थित पंडित उमाशंकर तिवारी महिला महाविद्यालय के इंडोर स्टेडियम में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक सुरेंद्र उपाध्याय जबकि संचालन निप्पू कुमार पाठक ने किया।

केंद्रीय मंत्री के सम्मान समारोह में नगर सहित जिला के विभिन्न सुदूर गांवों से बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोगों ने भाग लिया। जानकारी के अनुसार बगहा की धरती पर ब्राह्मण समाज के लिए पहला अवसर है की जब सार्वजनिक मंच पर सभी एक साथ नजर आये। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रबुद्ध विद्वानों ने ब्राह्मण समाज को एकत्रित होने और अपनी प्राचीन संस्कृति को कायम रखने का आह्वान किया और इसके साथ ही वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य पर भी अपनी चिंता जाहिर की। बिहार में जाति जनगणना के बाद सभी जातियों में एक जाति संगठन बनाने की होड़ शुरू हो चुकी है। इससे समाज में हो रहे बदलाव व विखराव पर चिंता व्यक्त की।




केंद्रीय मंत्री के सम्मान में आये ब्राह्मण समुदाय के वक्ताओं ने राजनीति में अपनी भागीदारी की बात कही। जनसंख्या के अनुरूप हिस्सेदारी की बात कही गई। वक्ताओं ने कहा कि वाल्मीकिनगर लोकसभा के चार विधानसभा में जीत व हार ब्राह्मण वोटरों के वोट से हुआ करता है।

वक्ताओं ने कहा कि ब्राम्हण समाज के एक बेटे को भारत सरकार में मंत्रालय मिलने पर जिले के सभी ब्राम्हण खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। इन्हीं सब विषयों को देखते हुए मंच पर उपस्थित हमारे ब्राह्मण समाज के लोकप्रिय जनप्रिय सतीश चंद्र दुबे को माल्यार्पण के पश्चात प्रतीक चिन्ह स्वरूप भगवान परशुराम का तस्वीर देकर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मंत्री ने सबके हित की रक्षा की बात कही है।

मंच पर भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्रनाथ तिवारी, महाविद्यालय के प्राचार्य अरविंद नाथ तिवारी, रविशंकर नाथ तिवारी सहित नन्देश पाण्डेय, विजय पाण्डेय, हृदयानंद दूबे, रविशंकर नाथ तिवारी, प्रदीप दूबे, डॉ. प्रेम नाथ तिवारी, जनार्दन शुक्ला, विनोद तिवारी, संजय कुमार तिवारी,रानू मिश्रा रविकेश मिश्र, उपेन्द्र दीक्षित, देव निरंजन दीक्षित, गोरख प्रसाद उपाध्याय, नागेन्द्र दूबे, सैकड़ो की संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग पहुंचे हुए थे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया राहुल गाँधी का पुतला दहन



चाणक्य भूमि बेतिया

रविवार को बेतिया भाजपा जिला संगठन के कार्यकर्ताओं ने राहुल गाँधी द्वारा अपने अमेरिका दौरे पर आरक्षण के विरोध जो ब्यान दिया है उसके विरोध में सोवाबाबु चौक पर राहुल गांधी का पुतला दहन किया।

मौके पर जिला अध्यक्ष श्री रूपक श्रीवास्तव जी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आनंद सिंह पन्नालाल साह जिला उपाध्यक्ष रवि सिंह उमेश पाण्डेय विभय रंजन चौबे महामंत्री मनुबाबू कुशवाहा मण्डल अध्यक्ष आशीष गुप्ता राकेश पटेल पन्नालाल जी धर्मेंद्र सिंह अभिषेक यादव इत्यादि बहुत से कार्यकर्ता उपस्थित थे।




# सांसद ने सदस्यता अभियान जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा किया रवाना

चा० भूमि बेतिया

पश्चिम चंपारण के सांसद डॉक्टर संजय जयसवाल ने सदस्यता अभियान के दौरान प्रचार व जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए कहा कि भारत 2047 में फिर से एक बार विश्व गुरु बनेगा और पूर्ण विकसित देश के रूप में अपना गौरव स्थापित करेगा। उक्त बातें सांसद जायसवाल ने कमलनाथ नगर में प्रतीक ई शर्मा

राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य सह प्रभारी विहार, केरल, मणिपुर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के आवास पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि अभी तक बेतिया जिला में पैंतीस हज़ार सदस्यों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। छह वर्ष पूर्व भाजपा द्वारा पूरे देश में 11 करोड़ सदस्य बनाया गया था। उस समय पूरे विश्व में भाजपा एक बहुत बड़ी पार्टी का स्थान प्राप्त किया था। बाद में पुनः सदस्यता अभियान चलाया गया, तो 18 करोड़ सदस्य बनाए गए थे। लेकिन भाजपा की सदस्यता अभियान 2024 के तहत हमें उससे भी अधिक सदस्य बनाना है ताकि प्रधानमंत्री के विकसित भारत की सपना को पूरा किया जा सके ।



इस मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष भाजपा नेता रूपक लाल श्रीवास्तव एवं प्रतीक शर्मा आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# नप प्रशासन के पास नहीं है कूड़ा व कचड़ा रखने के लिए जगह

चा० भूमि बगहा

बगहा नप प्रशासन तरफ़ से शहर से कूड़ा कचरे को उठाया जा रहा है लेकीन उस कूड़े व कचड़े को रखने के लिए अभी तक कोई भी जगह निश्चित नही बनाया गया है जिसके चलते सफाई कर्मी शहर के सभी कूड़े व कचड़े को शहर में जहा गढ्ढा देखा वहा फेंक कर चल देते है। जिसका उदाहरण चांडी स्थान मोड़ से चीनी मिल जाने वाली सड़क पर देखा जा सकता है। जिससे आने जाने वाले राहगीरों व स्थानीय लोगों को काफ़ी प्रशानियों का सामान करना पड़ रहा है। लेकीन इस दिशा में नप प्रशासन के तरफ़ से कोई पहल नहीं की जा रही है। एक वर्ष पहले पूरे बनकटवा महीला कॉलेज के समीप शहर का कूड़ा फेंका जा रहा है साथ ही उसमें आग भी लगाया जा रहा है जिससे कॉलेज पढ़ने वाले बच्चियों का क्लास रूम में बैठना दुश्वार हो गया था। जब इसकी जानकारी तत्कालीन वार्ड पार्षद उमेश गुप्ता से लिया गया तो उन्होंने बताया कि रास्ते के लिए यहां पर कूड़ा फेंका जा रहा है।

तत्कालीन विधायक पूर्णवासी राम के द्वारा एक पुलिया का निर्माण कराया गया था। जो अब वाह पोखरे में तब्दील



» जहाँ इच्छा हुई वही फेंक दिया कुड़ा कचड़ा चाहे नगर वासियों को झेलनी पडी इसकी वजह से परेशानी

हो गई है। इसी रास्ते से बनाने के लिए यहां पर कूड़ा को फेंका जा रहा था। नप प्रशासन के द्वारा कूड़ा से जैविक खाद बनाने के लिए नगर के दो जगहों पर इसका निर्माण कराया गया है। समय समय पर देख रेख नहीं होने के कारण अब वह बदहाली पर आँसू बहा रहा है। तो कहीं पर स्थानीय लोगों के द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है।







# चंपारण के शाहिद हुसैन ने काठमांडू मे लहराया परचम

चा० भूमि बेतिया

चंपारण शतरंज अकादेमी के संस्थापक सह प्रशिक्षक शाहिद हुसैन ने काठमांडू के साउथ वेस्टर्न स्टेट कॉलेज में आयोजित प्रभु नारायण मेमोरियल रैपिड रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता के 1600 रेटिंग में पहला स्थान प्राप्त कर चंपारण को गौरवान्वित किया है।

आपको बता दें कि 13 से 14 सितम्बर तक नेपाल के साउथ वेस्टर्न स्टेट कॉलेज में आयोजित प्रभु नारायण मेमोरियल रैपिड रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता में देश विदेश के कुल 138 खिलाडियों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता में खेले गए नौ चक्र में इन्होंने 6.5 पॉइंट प्राप्त कर 13 वा स्थान प्राप्त



किया और साथ ही रेटिंग केटेगरी में पहला स्थान मिला। उन्हें सर्टिफिकेट, मेडल और नगद प्राइज देकर सम्मानित किया गया।

उनके इस उपलब्धी पर चंपारण शतरंज अकादेमी के सचिव रंजीत प्रसाद, अकादमी के निदेशक नवीन जायसवाल, अकादमी के मुख्य संरक्षक डॉ मोहम्मद गुलजार, मुकेश कुमार, शेख मुस्तफ़ा, शेख राजू आदि खेल प्रेमियों ने बधाई और शुभकामनाएं दी है।

# विधायक राम सिंह ने ग्रामीण क्षेत्रों में दिलाई सदस्यता

चा० भूमि बगहा

विधायक राम सिंह ने बगहा के चौतरवा मंडल में कई जगहों पर सदस्यता अभियान 2024 के अंतर्गत सदस्यता अभियान चलाए जिसमे सैकड़ों लोगों को भाजपा का सदस्यता ग्रहण करायी । ज्ञात हो कि भारतीय जनता पार्टी ने 2 सितंबर को सदस्यता अभियान शुरू किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदस्यता अभियान के लिए पार्टी की ओर से जारी किए नंबर पर मिस्ड कॉल करके बीजेपी की सदस्यता ग्रहण कर इस अभियान की शुरुआत की थी। इसके बाद अलग-अलग राज्यों के मुख्यमंत्रियों और पार्टी पदाधिकारियों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की. तब से अब तक आठ दिन हुए हैं और इस अवधि में बीजेपी ने दो करोड़ सदस्य बना लिए हैं. बीजेपी 10 करोड़ सदस्य बनाने का टार्गेट लेकर चल रही है। भाजपा ने सभी विधायकों को क्षेत्र में प्रवास कर सदस्यता ग्रहण करने का निर्देश दिया है।

इसी क्रम में सदस्यता अभियान 2024 के अंतर्गत भाजपा के स्थानीय विधायक राम सिंह ने अपने विधानसभा क्षेत्र के चौतरवा मंडल के महादलित बस्ती मुड़ला सहित बांसगांव मंझरिया, हरदी नदवा, कोल्हुआ चौतरवा एवं टेसरहिया बथुवाड़ीया पंचायत के अनेक गांवों में सैकड़ों लोगों को भाजपा का सदस्यता ग्रहण कराए। कार्यक्रम में सोशल मीडिया के जिला संयोजक प्रमोद प्रसाद काजू जी, मंडल महामंत्री दीपु शाही जी, अश्विनी पाण्डेय जी, मथुरा प्रसाद, राजकिशोर राव सहित अन्य कार्यकर्ता बन्धु उपस्थित रहे।










स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प० चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714